

दैनिक
लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित
RNI-UPHIN/2014/58471

# अमन लेखनी



इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़



प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आईं नजर

वर्ष : 12 | अंक : 188 | लखनऊ, 02 जुलाई, गुरूवार 2026 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

## खबर संक्षेप

### 'काला हिरण' विवाद याचिका पर टली सुनवाई

नई दिल्ली। सलमान खान और फिल्म 'काला हिरण' के बीच जारी विवाद अब कोर्ट तक खिंच गया है।



दिल्ली हाईकोर्ट ने फिलहाल सुनवाई को सोमवार तक के लिए टाल दिया है। शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान फिल्म के मेकर्स ने कोर्ट को भरोसा दिलाया कि सोमवार तक न तो फिल्म रिलीज की जाएगी और न ही ट्रेलर लॉन्च किया जाएगा।

### नाबालिग से सामूहिक दुष्कर्म, 3 होटल ध्वस्त

जयपुर। राजस्थान के श्रीगंगानगर में 13 साल की लड़की से हुए सामूहिक दुष्कर्म के मामले में



प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करते हुए बुधवार को मामले से जुड़े 3होटलों को ध्वस्त कर दिया। इस मामले में 14 लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जेसीबी से होटल खुंगर, जॉय इन और होटल सफायर को जमींदोज कर दिया।

### चड्ढा को दिल्ली हाई कोर्ट से नहीं मिली अंतरिम राहत

नई दिल्ली। दिल्ली हाई कोर्ट ने बुधवार को सांसद राघव चड्ढा के खिलाफ सोशल मीडिया पर की गई आपत्तिजनक पोस्ट हटाने का



निर्देश दिया है। अदालत ने उन्हें अंतरिम संरक्षण देने से इनकार कर दिया। चड्ढा ने आरोप लगाया था कि वे आप छोड़कर भाजपा में गए तो उनके खिलाफ मानहानि करने वाले कॉन्टेंट फैलाए गए।

### दोगुनी पार्किंग, निर्माण बंद, दिल्ली में 'पाबंदी'

नई दिल्ली। दिल्ली सरकार ने सर्दियों के प्रदूषण से निपटने 'मास्टर प्लान' नोटिफाई कर दिया है। ये नियम 1 नवंबर से 28



फरवरी तक लागू रहेंगे। बिना वैध पीयूसी के किसी भी वाहन को ईंधन नहीं मिलेगा और पूरे साल लागू रहेगा। 1 नवंबर से 31 जनवरी तक तोड़फोड़, सिविल निर्माण कार्य नहीं होंगे।

## आरोपी के तर्क को किया खारिज, सुप्रीम कोर्ट ने की अहम टिप्पणी

# आरोपी को चार्जशीट की प्रति नहीं मिलने मात्र से डिफॉल्ट जमानत का हक नहीं मिल जाता

राजकुमार सिंह चौहान ब्यूरो प्रमुख / नई दिल्ली,

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को स्पष्ट किया कि किसी आरोपी को आरोप-पत्र (चार्जशीट) की प्रति उपलब्ध नहीं कराए जाने को डिफॉल्ट जमानत का आधार नहीं बनाया जा सकता है। न्यायमूर्ति संजय करोल और न्यायमूर्ति एन. कोटिश्वर सिंह की पीठ ने यह टिप्पणी करते हुए बॉम्बे हाईकोर्ट के उस आदेश को बरकरार रखा, जिसमें एक आरोपी की ऐसी ही एक याचिका खारिज कर दी गई थी। आरोपी का तर्क था कि उसे चार्जशीट की प्रति उपलब्ध नहीं कराई गई, इसलिए उसे डिफॉल्ट जमानत दी जानी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 193(8) के तहत चार्जशीट की अतिरिक्त प्रतियां दाखिल नहीं किए जाने से स्वयं चार्जशीट अमान्य नहीं हो जाती।



*न्यायमूर्ति करोल और सिंह की पीठ ने बॉम्बे हाईकोर्ट के आदेश को बरकरार रखा*

### 90 दिन के अंदर चार्जशीट दाखिल करना अनिवार्य

अदालत ने कहा कि पूर्ववर्ती दंड प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) की तरह ही बीएनएसएस के तहत भी डिफॉल्ट जमानत का अधिकार तभी उत्पन्न होता है, जब जांच एजेंसी 60 या 90 दिनों की निर्धारित अवधि के भीतर, जैसा भी मामला हो, चार्जशीट दाखिल नहीं करती। पीठ ने कहा कि निर्धारित अवधि के भीतर बीएनएसएस की धारा 193(3) के तहत निर्धारित प्रारूप में चार्जशीट दाखिल हो जाने के बाद डिफॉल्ट जमानत का अधिकार समाप्त हो जाता है।

### साइबर ठगी से जुड़े मामले पर हो रही थी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दर्ज एक मामले में गिरफ्तार आरोपी की याचिका पर सुनवाई कर रहा था। यह मामला करीब 3.81 करोड़ रुपये की कथित बड़े पैमाने की साइबर ठगी से जुड़ा है। सीबीआई के अनुसार, अज्ञात साइबर अपराधी अत्याधुनिक डिजिटल माध्यमों का इस्तेमाल कर लोगों से ठगी कर रहे हैं। इसके लिए वे फर्जी पहचान, जाली दस्तावेज और अन्य तकनीकी तरीकों का उपयोग करते हैं।



### फिर भी चार्जशीट की प्रति हमें नहीं दी गई आरोपी बोला

जांच एजेंसी का यह भी दावा है कि साइबर ठगी से हासिल रकम को बैंक खातों में जमा कराने में कुछ बैंक अधिकारी भी उनकी मदद कर रहे हैं। आरोपी ने बॉम्बे हाई कोर्ट में डिफॉल्ट जमानत की मांग करते हुए कहा था कि भले ही चार्जशीट निर्धारित समयसीमा के भीतर दाखिल कर दी गई थी, लेकिन उसे उसकी प्रति नहीं दी गई।

## मोइत्रा का भारी विरोध, बोलीं काले झंडे दिखाए... अंडे भी फेंके और पुलिस देखती रही



अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की सांसद महुआ मोइत्रा को बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं के विरोध का सामना करना पड़ा। यह घटना पलाशी में हुई, जब वह 21 जुलाई शहीद दिवस कार्यक्रम की तैयारी से जुड़ी एक बैठक में शामिल होने आई थीं। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने रेस्तरां के बाहर इकट्ठा होकर विरोध प्रदर्शन किया और उन पर अंडे फेंके। मोइत्रा ने आरोप लगाया कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने उनके कृष्णानगर स्थित कार्यालय पर अंडे और सब्जियां फेंककर हमला किया। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें भीड़ को उन पर अंडे फेंकते हुए देखा गया। उन्होंने लिखा, भाजपा के गुंडों द्वारा हमला किया जा रहा है और पश्चिम बंगाल पुलिस देख रही है।

### मैं सांसद...पुलिस और अदालत भी संज्ञान नहीं ले रही

उन्होंने कहा कि देखिए क्या हो रहा है। पुलिस के सामने यह भाजपा की भीड़ है। मैं पिछले एक घंटे से यहां खड़ी हूं। मैंने पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और अन्य सभी को फोन किया है। लेकिन पुलिस बैठकर देख रही है। सीआरपीएफ भी देख रही है। महुआ ने कहा यह मेरा इलाका है। मैं सांसद हूं। मैं कार्यालय में हूं। मैं यहां से नहीं जाऊंगी। कृपया इनके चेहरे देखिए। कल पश्चिम बंगाल सरकार इसे नकार देगी। कोई पुलिस संज्ञान नहीं लेगी। कोई अदालत संज्ञान नहीं लेगी।

**भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बोले**

### अंडे फेंकना भाजपा की संस्कृति नहीं



इस बीच, भाजपा के राज्य अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने कहा कि अंडा फेंकना भाजपा की संस्कृति नहीं है। उन्होंने अंडे फेंकने की राजनीति पर टिप्पणी करते हुए कहा कि यह भाजपा की संस्कृति नहीं है। उन्होंने पार्टी कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे ऐसी गतिविधियों से दूर रहें, जिससे पार्टी की छवि देशभर में खराब हो सकती है।

## शीर्ष कोर्ट में उठा '370 की बिरयानी' वाला मुद्दा

# स्टैंड-अप, पॉडकास्ट और सोशल मीडिया पर लगेगी लगाम

गुरुग्राम में कॉमेडियन प्रणित मोरे के शो के दौरान '370 बिरयानी' वाली विवादित कॉमेडी का जिक्र करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक याचिका दायर की गई। इस याचिका में स्टैंड-अप कॉमेडी, पॉडकास्ट, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) से बने कंटेंट के लिए एक रेगुलेटरी फ्रेमवर्क बनाने की मांग की गई। वकील विशाल तिवारी ने यह याचिका दायर की है। याचिका में हाल ही में ऑनलाइन फैलाई गई कुछ गलत जानकारी का भी जिक्र किया। दावा किया गया था कि भारत के कई जज और केंद्रीय मंत्रियों ने लंदन में टैक्सपेयर्स के पैसे से बैडमिंटन टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था।



स्टैंड-अप कॉमेडियन प्रणीत मोरे, वेब डेवलपर हिमांशु जांगड़ा और अन्य के खिलाफ मामला दर्ज

### फेक न्यूज वायरल करने वालों पर लगे लगाम

याचिका में कहा गया है कि इस तरह की फेक न्यूज बहुत कम समय में तेजी से फैलती हैं। इस तरह की गुमराह करने वाली खबरें संवैधानिक संस्थाओं के कामकाज, आजादी और मर्यादा को लेकर सवाल खड़े करती हैं। इन पर लगाम लगे।

## बीमार हथिनी 'मानिकी' का रेस्क्यू

# अनंत के 'वनतारा' में शुरू किया जिंदगी का नया चैप्टर

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

वर्षों तक कष्ट झेलने के बाद 48 साल की मानिकी नाम की हथिनी को एडवांस्ड ट्रीटमेंट और लंबे समय तक देखभाल देने के लिए जामनगर स्थित वनतारा में सुरक्षित रूप से शिफ्ट कर दिया गया है। वीडियो सामने आने के बाद मानिकी की दयनीय हालत पर लोगों का ध्यान गया। वीडियो में उसे इलाज के लिए असम में एक हाईवे पर पैदल ले जाया जा रहा था और वह दर्द के साथ लंगड़ाते हुए चल रही थी। इस वीडियो ने चिंता पैदा कर दी,



जिसके बाद एनिमल वेलफेयर एडवोकेट और नागरिकों ने याचिकाओं पर हस्ताक्षर करके तुरंत हस्तक्षेप करने की अपील की।

## गृहमंत्री शाह से मिली कमेटी

# जनसांख्यिकीय में होगा बड़ा बदलाव, जल्द सिफारिशें मांगी

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

जनसांख्यिकीय बदलावों पर गठित हाई लेवल कमिटी ऑन डेमोग्राफिक बदलाव ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित



शाह से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट की। समिति ने बताया कि वह राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का दौरा कर जमीनी स्तर पर जानकारी जुटाएगी तथा मंत्रालयों से भी जनसंख्या में बदलाव पर फीडबैक लेगी।

### राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों का करेगी दौरा

समिति ने शाह को बताया कि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के दौरों को अधिक प्रभावी और इंटरैक्टिव बनाने विस्तृत प्रश्नावली तैयार की गई है। इससे संबंधित राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से पहले ही आवश्यक जानकारी प्राप्त की जाएगी। शाह ने सराहना करते हुए गृह सचिव को निर्देश दिया कि समिति को उसके नियमित कार्यों और दौरों के दौरान हरसंभव सहायता उपलब्ध कराई जाए।

## राष्ट्रपति आंध्र प्रदेश केंद्रीय विवि के प्रथम दीक्षांत में बोलीं

सफलता में माता-पिता का त्याग, शिक्षकों का मार्गदर्शन अहम

# संभावनाओं के द्वार खुलेंगे समाज का ऋण भी चुकाएं

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू बुधवार को आंध्र प्रदेश के अनंतपुरमु में आंध्र प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के प्रथम दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि यह दीक्षांत समारोह विद्यार्थियों के समर्पण, दृढ़ निश्चय और कड़े परिश्रम की सुखद परिणति है। अनेक सपने संजोए हुए उन्होंने विवि में प्रवेश किया था। वे ज्ञान, आत्मविश्वास



से डिग्री लेकर जा रहे हैं जो संभावनाओं के नए द्वार खोलेगी। विद्यार्थियों को सफलता परिश्रम से मिलती है, सफलता में माता-पिता का त्याग, शिक्षकों का मार्गदर्शन अहम है।

### प्रौद्योगिकी मजबूत संबल बनेगी

राष्ट्रपति ने कहा कि चाहे आप उद्यमी बनें,वैज्ञानिक बनें, लोकसेवक बनें या फिर लोकोपकारी बनें, उनकी शिक्षा वंचित वर्ग के सशक्तीकरण का स्रोत बननी चाहिए। प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में हो रही बहुआयामी प्रगति से प्रत्येक क्षेत्र में व्यापक परिवर्तन हो रहे हैं। बदलती ऐसी दुनिया में, सीखने का काम सिर्फ़ डिग्री प्राप्त करने के साथ समाप्त नहीं हो सकता और न ही होना चाहिए।

## बेंगलुरु के डे केयर में मासूमों से ऐसी दरिंदगी कि रूह कांप जाए

केयरगिवर्स को नोटिस जारी

# वॉशिंग मशीन में डाला, जेट स्प्रे मुंह पर मारा और बाथरूम में किया बंद

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

**दुर्व्यवहार का मामला**

यहां कैपजेमिनी के एचएएल कैंपस में चल रहे एक डेकेयर सेंटर में बच्चों के साथ कथित दुर्व्यवहार का चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां 5 महिला केयरगिवर्स पर छोटे बच्चों के साथ शारीरिक दुर्व्यवहार करने का आरोप है और उनके खिलाफ केस दर्ज किया गया है। अब जब एमएनसी के ऑन-साइट क्रैश ही सुरक्षित नहीं हैं, तो माता-पिता बच्चों को किसके भरोसे छोड़ सकते हैं। वे खुद सहमे हैं।

### बच्चों को डराया-धमकाया



आरोप है कि इन महिलाओं ने 2-3 साल के बच्चों को डराया-धमकाया। उन्होंने बच्चों को फ्रंट-लोडिंग वॉशिंग मशीन के ड्रम में जबरदस्ती बिठाया, वेस्टर्न-स्टाइल टॉयलेट सीट पर बिठाया, टॉयलेट जेट स्प्रे से उनके मुंह में पानी की बौछार की और उन्हें चुप कराने के लिए बाथरूम में बंद कर दिया।

**पुलिस ने दर्ज की एफआईआर**

एचएएल पुलिस स्टेशन में 5महिला केयरगिवर्स के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। पीड़ित बच्चे कम उम्र के हैं और आईटी कंपनी के कैंपस में स्थित डेकेयर सुविधा में भर्ती थे।

## विजय की सरकार गिराने की साजिश का खुला राज

# 35 करोड़ का ऑफर देकर 15 विधायकों से इस्तीफा को कहा था

अमन लेखनी समाचार/ नई दिल्ली,

तमिलनाडु में विजय के नेतृत्व वाले टीवीके विधायक ने दावा किया है कि उन्हें सदन अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्तावित विधानसभा प्रस्ताव पर अपना वोट प्रभावित करने के लिए 35 करोड़ रुपए की पेशकश की गई थी। विधायक एन. इलैयाराजा की शिकायत के आधार पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने एक कंसल्टेंसी फर्म के कर्मचारी समेत 3 लोगों को गिरफ्तार किया है, जिनके तार डीएमके नेता सेंथिल बालाजी और उनके भाई वी अशोक कुमार से जुड़े बताए जा रहे हैं। इस साजिश में टीवीके के 15 विधायकों के एक साथ इस्तीफे की साजिश रचकर सरकार गिराने की योजना थी।

## कंसल्टेंसी फर्म के कर्मचारी समेत 3 गिरफ्तार



### आईपीडीएस नामक परामर्श फर्म का लिया नाम

इलायाराजा ने चेन्नई पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए आरोप लगाया है कि आईपीडीएस नामक परामर्श फर्म के एक व्यक्ति ने उन्हें विधानसभा अध्यक्ष जेसीडी प्रभाकर के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव का समर्थन करने के लिए 35 करोड़ की पेशकश की थी। थिरुनावुक्करासु नामक एक व्यक्ति ने उनसे संपर्क किया और दावा किया कि वह इंडियन पॉलिटिकल डेमोक्रेटिक स्ट्रैटेजीज (आईपीडीएस) नामक एक जनमत सर्वेक्षण संगठन का प्रमुख है और वह लोगों से संपर्क कर रहा है।

### विधानसभा अध्यक्ष के खिलाफ प्रस्ताव की पेशकश

फोन करने वाले ने इलैयाराजा को बताया कि अध्यक्ष के खिलाफ एक प्रस्ताव लाया जाएगा और उनसे सत्तारूढ़ दल का सदस्य होने के बावजूद एक विशेष तरीके से मतदान करने को कहा। इसके बदले में, उसने इलैयाराजा को 35 करोड़ रतक की पेशकश की।

### पुख्ता सबूत हों तो सेंथिल को गिरफ्तार कर बताएं: डीएमके

डीएमके के प्रवक्ता ए. सरवनन ने कहा कि टीवीके जांच से जुड़ी



जानकारी लीक करके सिर्फ जनता के बीच सनसनी फैलाना चाहती है। उन्हें तथ्यों की जानकारी नहीं है और वे सिर्फ एक मनगढ़ंत कहानी बनाना चाहते हैं। उन्होंने सरकार को चुनौती दी उसके पास पुख्ता सबूत हैं तो वह सेंथिल बालाजी को गिरफ्तार करके दिखाए।

## सहारनपुर में विकास की रफ्तार

सहारनपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिमी उत्तर प्रदेश के विकास को गति देते हुए जुलाई के पहले दिन सहारनपुर पहुंचकर स्कूल चलो अभियान के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उन्होंने 613 करोड़ रुपये से अधिक की विभिन्न विकास परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री ने विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के लाभार्थियों को प्रमाण-पत्र भी वितरित किए और शिक्षा, विकास तथा जनकल्याण को लेकर सरकार की प्राथमिकताओं को दोहराया। मुख्यमंत्री का यह दौरा इस वर्ष सहारनपुर का पांचवां दौरा रहा। मार्च से जुलाई के बीच लगातार पांच महीनों तक मुख्यमंत्री सहारनपुर पहुंचे और हर दौरे में विकास परियोजनाओं की समीक्षा, जनसंवाद तथा विभिन्न योजनाओं को आगे बढ़ाने का कार्य किया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मार्च, अप्रैल, मई, जून और जुलाई—लगातार पांच महीनों में सहारनपुर का दौरा किया।

# जमीनी विवाद में दो पक्षों में खूनी संघर्ष, फायरिंग, नौ लोग घायल

## रहीमाबाद के गोपालपुर में दो पक्षों में चले लाठी-डंडे और पथराव, तीन नामजद समेत 20 अज्ञात पर मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार


घायल अनिल – फोटो


घायल कुलदीप – फोटो


घायल घनश्याम – फोटो


घायल राम सिंह – फोटो


घायल कुसमा – फोटो


घायल सावित्री - फोटो

लखनऊ। करोड़ों रुपये मूल्य की जमीन पर कब्जे के विवाद ने बुधवार को खूनी संघर्ष का रूप ले लिया। दो पक्ष आमने-सामने आ गए, जिसके बाद जमकर लाठी-डंडे चले, पथराव हुआ और फायरिंग से पूरे गांव में दहशत फैल गई। हिंसक झड़प में दोनों पक्षों के नौ लोग घायल हो गए। इनमें दो की हालत गंभीर होने पर उन्हें ट्रामा सेंटर रेफर किया गया है। पुलिस ने एक पक्ष की तहरीर पर तीन नामजद और 20 अज्ञात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार रहीमाबाद के गोपालपुर निवासी घनश्याम और लोधई गांव निवासी हरगोविंद व उनकी पत्नी के बीच करीब चार बीघा जमीन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा है। मामला न्यायालय में विचाराधीन है। इसी बीच श्यामकली ने उक्त जमीन काकोरी के जानकीखेड़ा निवासी अनिल यादव को बेच दी।

बुधवार दोपहर अनिल यादव अपने साथ मलिहाबाद के मोहम्मदनगर तालुकेदारी निवासी राम सिंह यादव, घोला निवासी कुलदीप कुमार रावत और अन्य लोगों के साथ दो कारों से मौके पर पहुंचे और ट्रैक्टर से खेत की जुताई शुरू करा दी। इसकी जानकारी मिलने पर घनश्याम अपने परिवार के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंच गए। दोनों पक्षों के बीच पहले कहासुनी हुई, जो देखते ही देखते मारपीट में बदल गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों ओर से जमकर लाठी-डंडे चले और पथराव हुआ। इसी दौरान एक पक्ष की ओर से लाइसेंसी पिस्टल से फायरिंग किए जाने का आरोप है। फायरिंग की आवाज से गांव में अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे।

संघर्ष में घनश्याम पक्ष से घनश्याम, कुसमा, सावित्री, योगेश, सरोज और हिमांशु घायल हो गए, जबकि दूसरे पक्ष से अनिल यादव, राम सिंह यादव, कुलदीप कुमार रावत समेत अन्य लोग घायल हुए। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद कुसमा और अनिल यादव की हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया।

सूचना मिलते ही रहीमाबाद इंस्पेक्टर अरुण कुमार त्रिगुनायक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए माल ,मलिहाबाद थानों की पुलिस भी मौके पर बुला ली गई। अपर पुलिस उपायुक्त उत्तरी ट्विंकल जैन ने भी घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने मौके से एक खोखा बरामद किया है और गांव में तनाव को देखते हुए भारी पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

रहीमाबाद इंस्पेक्टर ने बताया कि घनश्याम की बेटी सरोज की तहरीर पर अनिल यादव समेत तीन नामजद और 15-20 अज्ञात लोगों के खिलाफ जानलेवा हमला सहित अन्य गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए जा रहे हैं तथा फरार आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

### गोली लगने की चर्चा, डॉक्टर ने नहीं की पुष्टि

घटना के बाद गांव में कुसमा और सावित्री को गोली लगने की चर्चा फैल गई, जिससे माहौल और तनावपूर्ण हो गया। हालांकि मलिहाबाद सीएचसी अधीक्षक डॉ. आशोक कुमार ने मेडिकल परीक्षण के आधार पर किसी भी घायल को गोली लगने की पुष्टि से इनकार किया। पुलिस का कहना है कि मामले की जांच रिपोर्ट और साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे रालोद संसदीय बोर्ड के सदस्य मनोनीत,

### पूर्वांचल, मध्यांचल और बुंदेलखंड के कार्यकताओं में भारी हर्ष

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ 02 जुलाई ।राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी ने पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे की सांगठनिक क्षमताओं और लोकप्रियता पर भरोसा जताते हुए उन्हें राष्ट्रीय लोकदल संसदीय बोर्ड का सदस्य मनोनीत किया है। श्री अनिल दुबे को पार्टी के इस सर्वोच्च नीति-निर्धारक मंडल में स्थान मिलने पर उत्तर प्रदेश रालोद के समस्त प्रदेश पदाधिकारियों, क्षेत्रीय अध्यक्षों और कार्यकताओं में उत्साह की लहर दौड़ गई है। श्री अनिल दुबे पूर्वांचल, मध्य उत्तर प्रदेश (मध्यांचल) और बुंदेलखंड के क्षेत्रों में जनता और कार्यकताओं के बीच एक अत्यंत लोकप्रिय और कर्मठ नेता के रूप में जाने जाते हैं। प्रदेश पदाधिकारियों ने शीर्ष नेतृत्व के इस फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि श्री दुबे के संसदीय बोर्ड में शामिल होने से इन सभी क्षेत्रों में पार्टी संगठन को अभूतपूर्व मजबूती मिलेगी और आगामी चुनावों में रालोद एक नई ताकत के साथ उभरेगा। प्रदेश पदाधिकारियों ने इस गौरवपूर्ण मनोनयन पर संयुक्त रूप से अनिल दुबे को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। पदाधिकारियों ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जमीनी नेताओं को उच्च स्तर पर जिम्मेदारी देने से कार्यकताओं का मनोबल बढ़ा है। बधाई देने वाले प्रमुख पदाधिकारियों में वसीम हैदर, आदित्य विक्रम सिंह, रजनीकांत मिश्रा, विश्वेशनाथ मिश्रा, बी एल प्रेमी, चौधरी भूपाल सिंह, मनोज सिंह चौहान, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, चंद्रकांत अवस्थी, अंकुर सक्सेना, युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविंद्र पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, प्रोफेशनल मंच के प्रदेश अध्यक्ष अम्बुज पटेल, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, छात्रसभा के प्रदेश अध्यक्ष अमन पाण्डेय, प्रमोद शुक्ला, अफसर अली, सम्राट चौहान, चौधरी राम सिंह पटेल, पीङ्क केङ्क पाठक, सत्यप्रकाश तिवारी, अजय पांडेय, सहित समस्त क्षेत्रीय अध्यक्ष, विंगों के अध्यक्ष और जिला स्तर के प्रमुख नेता शामिल रहे, जिन्होंने श्री दुबे के उज्ज्वल कार्यकाल की कामना की है। रालोद महासचिव अनिल दुबे को संसदीय बोर्ड का सदस्य मनोनीत किये जाने पर अमन लेखनी समाचार पत्र के प्रधान संपादक राज कुमार सिंह चौहान ने भी बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की है ।

# डेंगू, मलेरिया से बचाव के लिए जन सहभागिता जरूरी : ब्रजेश पाठक

## लोहिया संस्थान के एकेडमिक ब्लॉक से संचारी रोग अभियान का शुभारंभ

अमन लेखनी समाचार




**लखनऊ।** डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसे संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सरकारी प्रयास ही पर्याप्त नहीं हैं बल्कि बचाव में सहभागिता भी जरूरी है। यह बातें उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने बुधवार को गोमतीनगर स्थित राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान के एकेडमिक ब्लॉक से संचारी रोग अभियान का शुभारंभ किया। प्रदेश भर में यह संचारी रोग जागरुकता अभियान चलाया जाएगा।

उप मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की कि घर और आसपास कहीं भी पानी जमा न होने दें। कूलर, गमले, टायर, छत और अन्य स्थानों पर रुके पानी में मच्छरों का लार्वा तेजी से पनपता है। यदि लार्वा को बढ़ने से रोक दिया जाए तो डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों के प्रसार पर काफी हद तक रोक लगाई जा सकती है। डेंगू के मरीजों में प्लेटलेट्स तेजी से कम हो सकती हैं। जिससे मरीज की जान जोखिम में पड़ जाती है, इसलिए बीमारी होने के बाद इलाज कराने के बजाय पहले से सावधानी बरतना अधिक प्रभावी और सुरक्षित उपाय है। तेज बुखार, शरीर में दर्द या अन्य लक्षण दिखाई देने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लेनी चाहिए। भोजन करने से पहले साबुन से हाथ अवश्य धोएं। घर और आसपास साफ-सफाई रखें, सीलन, धूल और गंदगी से बचें। स्वच्छ वातावरण बनाए रखें। संचारी रोगों की रोकथाम केवल स्वास्थ्य विभाग की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि समाज के हर व्यक्ति की साझा जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक परिवार अपने घर और आसपास स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प ले, तो डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया समेत अधिकांश संचारी रोगों पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा सकता है।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि इंसेफलाइटिस कभी प्रदेश की सबसे बड़ी स्वास्थ्य चुनौती थी लेकिन लगातार प्रयासों से इस पर प्रभावी नियंत्रण पाया जा चुका है। इंसेफलाइटिस के मामलों में 99 प्रतिशत तक की कमी आई है। अब डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी मच्छरजनित बीमारियों को भी पूरी तरह नियंत्रित करने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है। उन्होंने कहा कि सरकार वर्ष में तीन बार संचारी रोग नियंत्रण एवं जागरूकता अभियान चलाती है। यह अभियान 13 विभागों के समन्वय से संचालित होता है। इसके बावजूद अपेक्षित सफलता तभी मिलेगी, जब आम लोग भी अपने स्तर पर बचाव के उपाय अपनाएंगे। जनता का जुड़ाव ही इस अभियान की सफलता का मूल मंत्र है।

# धर्मपाल सिंह ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के प्रवास को लेकर की बैठक

अमन लेखनी समाचार

- भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन ने अवध क्षेत्र में निवास करने वाले समस्त पदाधिकारियों से किया संवाद



**लखनऊ।** भाजपा के प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह ने बुधवार को बाराबंकी में राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवास बैठक की तैयारियों के संबंध में अवध क्षेत्र में निवास करने वाले प्रदेश पदाधिकारियों, अवध क्षेत्र के जिलाध्यक्षों, जिला प्रभारियों और मंडल अध्यक्षों के साथ संवाद किया। धर्मपाल सिंह ने कहा कि नितिन नवीन का भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में यह प्रथम लखनऊ आगमन है। यह प्रत्येक कार्यकर्ता के लिए गौरव, उत्साह और प्रेरणा का अवसर है। उन्होंने आह्वान किया कि सभी कार्यकर्ता पूर्ण समर्पण, अनुशासन और उत्साह के साथ जुटें तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष के आगमन कार्यक्रम को भव्य, दिव्य और अविस्मरणीय स्वरूप प्रदान करें। सभी जिलाध्यक्ष सुनिश्चित करें कि सभी जिलों के मंडल अध्यक्ष एवं शक्ति केंद्र संयोजक समय से लखनऊ पहुंचे।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन अपने लखनऊ प्रवास के दौरान अवध क्षेत्र के जिलाध्यक्षों, मंडल अध्यक्षों और शक्ति केंद्र संयोजकों के साथ संगठनात्मक संवाद करेंगे। यह संवाद संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय तथा प्रभावी बनाने की दिशा में प्रेरक होगा।

धर्मपाल सिंह ने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष का प्रवास कार्यकर्ताओं में नवीन ऊर्जा एवं उत्साह का संचार करेगा तथा संगठनात्मक कार्यों को नई गति प्रदान करेगा। उन्होंने सभी पदाधिकारियों से संवाद करते हुए कहा कि कार्यक्रम की प्रत्येक व्यवस्था को माइक्रो मैनेजमेंट, अनुशासन और समन्वय के साथ पूर्ण करें। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति, अनुशासन और सेवा भाव का प्रतीक है। राष्ट्रीय अध्यक्ष का यह प्रवास संगठनात्मक दृष्टि से ऐतिहासिक एवं प्रेरणादायी सिद्ध होगा।

# सांसद आनंद भदौरिया ने पूजा अर्चना कर सपा प्रमुख अखिलेश यादव के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की

अमन लेखनी समाचार



लखनऊ। लखीमपुर खीरी के धौरहरा लोकसभा के सांसद आनन्द भदौरिया ने नैमिषारण्य स्थित माँ ललिता देवी शक्तिपीठ में किया पूजन-अर्चन, और चक्र तीर्थ और साधु संतों द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के स्वस्थ एवं दीघार्यु जीवन की कामना की । समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के 53वें जन्मदिवस के शुभ अवसर पर धौरहरा सांसद आनन्द भदौरिया ने नैमिषारण्य पहुँचकर माँ ललिता देवी के दर्शन-पूजन एवं वैदिक विधि-विधान से हवन-पूजन किया तथा राष्ट्रीय अध्यक्ष के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु, सुख-समृद्धि एवं यशस्वी जीवन की कामना की। पूजन-अर्चन के उपरांत धौरहरा सांसद आनन्द भदौरिया ने नैमिषारण्य चक्र तीर्थ पर बटुकों एवं साधु-संतों को अंगवस्त्र, पात्र, फल एवं दक्षिणा भेंट की साधु संतों ने अखिलेश यादव जी को आशीर्वाद और उनके दीघार्यु होने की कामना की इस अवसर पर उपस्थित साधु-संतों ने वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के स्वस्थ, दीघार्यु एवं जनसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने की मंगलकामना करते हुए आशीर्वाद प्रदान किया।

## शिक्षक पात्रता परीक्षा के लिए विशेष अनारक्षित स्पेशल ट्रेन आज से

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश शिक्षक पात्रता परीक्षा को ध्यान में रखते हुए परीक्षार्थियों की सुविधा के लिए 2 से 4 चुलाई तक गोरखपुर-लखनऊ-गोरखपुर के मध्य एक जोड़ी अनारक्षित परीक्षा स्पेशल ट्रेन चलाई जायेंगी। 05031 विशेष गाड़ी 2 से 4 जुलाई तक गोरखपुर से 18:30 बजे प्रस्थान कर खलीलाबाद से 19:12 बजे, बस्ती से 19:39 बजे, बभनान से 20:22 बजे, मनकापुर से 21:00 बजे, गोण्डा से 22:02 बजे, करनैलगंज से 22:35 बजे, बाराबंकी से 23:30 बजे तथा दूसरे दिन बादशाहनगर से 00:04 बजे छूटकर लखनऊ जं0 00:35 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05032 विशेष गाड़ी 2 से 04 जुलाई तक लखनऊ जं. से 01:30 बजे प्रस्थान कर बादशाहनगर से 02:02 बजे, बाराबंकी से 02:46 बजे, करनैलगंज से 03:17 बजे, गोण्डा से 04:02 बजे, मनकापुर से 04:34 बजे, बभनान से 05:15 बजे, बस्ती से 05:50 बजे तथा खलीलाबाद से 06:20 बजे छूटकर गोरखपुर 07.30 बजे पहुंचेगी । इस गाड़ी में सामान्य द्वितीय श्रेणी/शयनयान श्रेणी के 10 तथा एसएलआर के 02 कोचों सहित कुल 12 अनारक्षित कोच लगाये जायेंगे। दूसरी तरफ उत्तर रेलवे, लखनऊ मण्डल ने भी विशेष अनारक्षित परीक्षा स्पेशल रेलगाड़ियों के संचालन का निर्णय लिया गया है। 04201 लखनऊ नई दिल्ली 02 जुलाई 17:45 बजे बालामाऊ , हरदोई , शाहजहांपुर, बरेली , मुरादाबाद, अमरोहा , गजरौला , हापुर , गाजियाबाद। 04202 लखनऊ प्रयागराज संगम 02 जुलाई 18:10 बजे बछरावां, हरचंदपुर, रायबरेली, , गौरीगंज, अमेठी, माँ बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़, शनिदेव धाम बिशनाथगंज, मऊ आइमा , फाफामऊ, प्रयागराजसंगम । 04205 वाराणसी जौनपुर 02 जुलाई 13:30 बजे बाबतपुर, जलालगंज एवं जफराबाद।

## प्रमुख स्टेशनों पर चला स्वच्छता जागरूकता अभियान

**लखनऊ।** लखनऊ जं., गोरखपुर, गोंडा, बस्ती, खलीलाबाद एवं ऐशबाग पर एक साथ स्वच्छता जागरूकता अभियान एवं स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। रैली के दौरान जन-जागरूकता संदेश, उद्घोषणाओं एवं स्वच्छता संबंधी गतिविधियों के माध्यम से यात्रियों तथा स्थानीय नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया। महाप्रबंधक, पूर्वोत्तर रेलवे उदय बोरवणकर के निदेर्शानुसार एवं मण्डल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के मार्गदर्शन में बुधवार को जागरूकता अभियान चलाया गया। यात्रियों को बताया गया कि सूखा कचरा कागज, प्लास्टिक, बोतलें, पैकेट आदि नीली डस्टबिन में तथा गीला कचरा भोजन के अवशेष, फल-सब्जियों के छिलके आदि हरी डस्टबिन में डालें।

# हर्षोल्लास के साथ मनाया गया अखिलेश यादव का जन्मदिन

## सपा मुख्यालय समेत प्रदेश के विभिन्न जिलों में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने किये कई आयोजन, कार्यालय पर बधाई देने वालो का लगा रहा तांता

अमन लेखनी समाचार



**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव का 53वां जन्मदिन बुधवार को राजधानी लखनऊ सहित पूरे देश और प्रदेश में करोड़ों पार्टी कार्यकर्ताओं द्वारा हर्षोल्लासपूर्ण वातावरण में शंखनाद, ढोल नगाड़ों की धुन, डमरू वादन और संगीत की स्वरलहरियों के बीच मनाया गया। देश भर से सपा सहित विभिन्न दलों के नेताओं और समाज के हर तबके के लोगों ने अखिलेश यादव को अलग-अलग माध्यमों से जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी। इस ऐतिहासिक जमावड़ा से अद्भुत नजारा दिखाई दिया।

पार्टी राज्य मुख्यालय, लखनऊ में सुबह से ही अखिलेश यादव को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं देने के लिए हजारों कार्यकर्ताओं की भीड़ उमड़ पड़ी। अपने निवास से पार्टी कार्यालय तक आने में अखिलेश को रोककर कई जगह स्वागत हुआ और उन पर गुलाब की पंखुड़ियों की वर्षा की गई। लोगों ने बुके, पौधे तथा अन्य स्मृतिचिह्न अखिलेश यादव को भेंटकर जन्मदिन की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में आये नेताओं, सांसदों, विधायकों, कार्यकताओं और समाज के सभी वर्ग के लोगों, महिलाओं बच्चों, युवाओं, अधिकारियों, व्यापारियों, अधिवक्ताओं, पत्रकारों, पूर्व सैनिकों, संतों-महात्माओं और उलेमा ने अखिलेश यादव को फूलमालाएं पहनाकर, बुके देकर जन्मदिन की बधाई दी। पं. हरि प्रसाद मिश्र ने स्वस्तिवाचन कर अखिलेश को दीघार्यु, स्वस्थ जीवन का आशीर्वाद दिया। आये हुए लोगों ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव में उत्तर प्रदेश में सत्ता परिवर्तन होना तय है। इस नई राजनीतिक और सामाजिक परिवर्तन की दिशा में अखिलेश यादव के नेतृत्व में सपा की सरकार बनेगी और प्रदेश खुशहाली और प्रगति के रास्ते पर चलेगा। इस अवसर पर अखिलेश यादव ने आये हुए समर्थकों, शुभचिंतकों द्वारा अपने प्रति प्रदर्शित प्रेम और सम्मान के लिए सभी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने इस मौके पर भंडारा, रक्तदान तथा अन्य कार्यक्रमों के आयोजकों को धन्यवाद दिया। अखिलेश यादव के जन्मदिन पर देश और प्रदेश में कई स्थानों पर केक काट काटा गया, पौधरोपण के साथ मिष्ठान्न, फल, गरीबों को अन्नदान, भंडारे आदि के आयोजन किये गये। अस्पतालों में मरीजों को फल, बांटे गये और उनकी दीघार्यु के लिए हवन-पूजन के कार्यक्रम भी किये गये। किन्नर पायल सिंह ने अखिलेश यादव को मुख्यमंत्री बनने का आशीर्वाद दिया। उन्होंने छात्राओं को साइकिलें भेंट की। सपा नेता एवं लखनऊ के पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष विजय बहादुर यादव ने प्रदेश कार्यालय में विशाल भंडारा का आयोजन किया और अखिलेश यादव के माध्यम से 54 किलो का लड्डू वितरित किया गया।

भंडारे में हजारों की संख्या में आम जनता, पार्टी समर्थकों, कार्यकर्ताओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पार्टी के प्रदेश कार्यालय के बाहर नगर निगम पार्षद दल के उपनेता देवेन्द्र सिंह जीतू तथा वरिष्ठ नेता नवीन धवन बंटी, अपर्णा बंसल एवं पूजा शुक्ला भसीन, रितेश साहू, अब्दुल अजीम मंसूरी, रिंकी सिंह, विजय सिंह यादव एवं ममता यादव, सुशील दीक्षित द्वारा आयोजित भंडारे और लड्डू वितरण का उद्घाटन राष्ट्रीय सचिव राजेन्द्र चौधरी और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल ने किया। विजय सिंह यादव एवं ममता सिंह यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर भंडारे का आयोजन कर पीडीए वृक्ष का वितरण किया।

कई पंडालों में भंडारा एवं सुंदरकांड का पाठ भी किया गया। भण्डारों में पूड़ी सब्जी, बूंदी, खीर, बाटी चोखा का वितरण किया गया। एक स्टाल चाय का भी लगाया गया। सभी कार्यक्रमों में राजेन्द्र चौधरी तथा श्याम लाल पाल समेत वरिष्ठ नेताओं, कार्यकर्ताओं ने भी शिरकत की। राम प्रकाश यादव ने प्रचार वैन चलाई। जन्मदिन पर रितेश शाहू ने बाटी-चोखा का भंडारा लगाया तो अवनीश एडवोकेट ने दूध बांटा। रिंकी सिंह और अब्दुल अजीम अंसारी ने छाते बांटे तथा केक भी काटा। अर्जुन सिंह समाजवादी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय सचिव डॉ. इन्द्रसेन शास्त्री ने शिक्षक साथियों के साथ केक काटा। लड्डू वितरण कर जन्मदिन मनाया।

## मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय धनबाद में जून माह 2026 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों का समापक भुगतान समारोह का किया गया आयोजन

धनबाद ।धनबाद मंडल में जून माह 2026 में सेवानिवृत होने वाले कर्मचारियों का समापक भुगतान किया गया। इस माह में कुल 28 सेवानिवृत्ति के मामले आए थे, जिनमें सभी कर्मचारियों का समापक भुगतान कर दिया गया हैं विदित हो कि धनबाद मंडल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समापक भुगतान को प्राथमिकता दी जाती हैं मंडल प्रशासन सेवानिवृत्त कर्मचारियों के हितों की रक्षा करने के लिए प्रतिबद्ध हैं उल्लेखनीय है कि धनबाद मंडल में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के समापक भुगतान की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाने के लिए कई कदम उठाए गए हैं मंडल प्रशासन सेवानिवृत्त कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान करने के लिए हमेशा तत्पर रहता हैं इस अवसर पर मंडल रेल प्रबंधक श्री अखिलेश मिश्र द्वारा सेवानिवृत्त कर्मचारियों को सम्मानित किया गया एवं उनकी सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया गयो उन्होंने उनके उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं इस अवसर पर मंडल के अन्य अधिकारीगण तथा यूनियन एवं एसोसिएशन के पदाधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे

# संक्षेप

## मंदिर में दर्शन करने आई महिला के गले से सोने की चैन पार

सुमेरपुर, उन्नाव। बारासगवर क्षेत्र अंतर्गत सुप्रशिद्ध माँ चंडिका देवी मंदिर दर्शन करने गयी महिला के गले से सोने की चैन पार हो गयी। पीड़ित ने शक के आधार पर एक महिला को पकड़ उसके विरुद्ध मुकदमा दर्ज कराया है। मामला माँ चंडिका देवी मंदिर का है जहां रीना वर्मा निवासी परसण्डा अपने पति राजेन्द्र के साथ सोमवार को गंगा स्नान व माता जी के दर्शन हेतु आयी थी। दर्शन उपरान्त वह घर के लिए निकले। रास्ते मे ऊंचगाँव के पास रीना वर्मा को अपने गले मे चैन न होने का आभास हुआ। उन्हें महसूस हुआ कि मंदिर में हुई भारी भीड़ में ही किसी ने उनकी चैन पार कर दी। वह लोग वापस बक्सर गए तब उन्हें पता चला मुस्कान पत्नी प्रिंस नाम की महिला ने ही चैन चोरी किया है। उसके उपरांत रीना वर्मा ने अपने भतीजे आदर्श को बुला उस महिला को पुलिस को सौप दिया। इस संबंध में थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। आरोपित महिला को जेल भेज दिया गया है।

## पारिवारिक कलह के चलते विवाहिता ने लगाई फांसी

सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाना क्षेत्र के पंचीखेड़ा जालापुर मे परिवारिक कलह से परेशान महिला ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। थाना क्षेत्र गांव पंचीखेड़ा निवासी पूजा 33पत्नी मनीष लोध ने बुधवार शाम करीब 7:30 बजे अपने घर के जाल मे साड़ी के सहारे फंदा लगा कर आत्मा हत्या कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे मे कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया। मृतक की शादी करीब 11 वर्ष पूर्व हुई थी। मृतक के एक बेटी माही 7 व एक बेटा मयंक 3 वर्ष है। पति मजदूरी कर परिवार का पालन पोषण करता है। फांसी लगाने का कारण पारिवारिक कलह बताई जा रही है थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

## मामूली से विवाद पर दबंगो ने मां बेटे को पीटा

उन्नाव। आसीवन थाना क्षेत्र के बरौंकी गांव निवासी राहुल द्विवेदी पुत्र नन्हे लाल द्विवेदी ने पुलिस को दी गयी तहरीर में आरोप लगाया कि मंगलवार की शाम इसी थाना क्षेत्र के उदशाह गांव काम से गया था जहां उदशाह गांव निवासी अक्षय की बाइक से मामूली टक्कर हो गयी थी जिसको लेकर दोनों के बीच कहासुनी हो गयी थी ग्रामीणों के समझाने पर वह अपने घर आ गया था उसी खुन्नस को लेकर अक्षय अपने दो साथियों को लेकर उसके घर पहुंचा और गाली-गलौज करने लगा बिरोध किया तो मारपीट करने लगा बीच बचाव करने पहुंची वृद्ध मां नीलम के साथ भी मारपीट की जिससे मां बेटा दोनों घायल हो गए जिन्हें इलाज के लिए मियागंज अस्पताल में भर्ती कराया गया इस सम्बंध में थाना प्रभारी प्रदीप सिंह ने बताया कि तहरीर मिली है मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के जन्मदिन पर किया वृक्षारोपण

अमन लेखनी समाचार



पाटन, उन्नाव। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के जन्मदिन के अवसर पर विधानसभा क्षेत्र 166, भगवंतनगर में अंकित सिंह परिहार के नेतृत्व में ₹पीडीए वृक्षारोपण अभियान सप्ताह₹ का शुभारंभ विकासखंड बीघापुर के ग्राम लालगंज प्रथम से किया गया।इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजवादी कार्यकताओं, पदाधिकारियों एवं क्षेत्रवासियों ने सहभागिता करते हुए पौधारोपण किया तथा पर्यावरण संरक्षण के साथ सामाजिक न्याय, समता और भाईचारे के मूल्यों को मजबूत करने का संकल्प लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अंकित सिंह परिहार ने कहा कि अखिलेश यादव जी की राजनीति समाज के प्रत्येक वर्ग, वंचित वर्ग को सम्मान और अधिकार दिलाने की राजनीति है। पीडीए केवल एक राजनीतिक नारा नहीं, बल्कि सामाजिक न्याय, संवैधानिक मूल्यों और समावेशी विकास का जनआंदोलन है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के जन्मदिन पर प्रारंभ किया गया यह वृक्षारोपण अभियान पूरे विधानसभा क्षेत्र में सप्ताह भर निरंतर चलाया जाएगा। पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ समाजवादी विचारधारा को जन-जन तक पहुँचाने और पीडीए की एकजुटता को और अधिक सशक्त बनाने का कार्य भी अभियान के माध्यम से किया जाएगा। अंकित परिहार ने कहा कि उत्तर प्रदेश की जनता परिवर्तन का मन बना चुकी है। प्रदेश का किसान, नौजवान, व्यापारी, कर्मचारी और आम नागरिक समाजवादी पार्टी की नीतियों एवं अखिलेश यादव के नेतृत्व पर भरोसा जता रहा है। आने वाला समय समाजवादी विचारधारा, सामाजिक न्याय और विकास की राजनीति का होगा। कार्यक्रम के अंत में सभी उपस्थित लोगों ने अखिलेश यादव के उत्तम स्वास्थ्य, दीघार्यु एवं सफल नेतृत्व की कामना करते हुए प्रदेश में समाजवादी सरकार बनाने के संकल्प को दोहराया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से रूप नारायण पटेल, सत्येंद्र यादव, गुड्डू शुक्ला, रमाकांत पटेल, विजय यादव, डा. के.के. कनौजिया, आदि सैकड़ो उपस्थित रहे

# आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर भीषण सड़क हादसा एक महिला व दो मासूम समेत पांच की मौत

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। क्षेत्र में बुधवार की अलसुबह आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर एक दर्दनाक हादसा हो गया इस दौरान एक निजी बस चालक को झपकी लगने से अनियंत्रित होकर डिवाइडर फांदती हुई विपरीत दिशा में जाकर कार को रौंदती हुई खंती में जाकर पलट गई इस हादसे में कार सवार एक महिला दो बच्चियों सहित कुल पांच लोगों की मौत हों गई जबकि 12 घायलों को बांगरमऊ अस्पताल से रेफर कर दिया गया।

कहा जा रहा है एक निजी कंपनी की बस मजदूरों को लेकर हरियाणा से बिहार जा रही थी तभी बुधवार की सुबह करीब 4: 30 बजे जब बस बांगरमऊ क्षेत्र में आगरा लखनऊ एक्सप्रेसवे पर किलोमीटर संख्या 230 गांव देवखरी के समीप पहुंची तभी चालक को झपकी लगने से बस अनियंत्रित होकर मध्य डिवाइडर फांदती हुई विपरीत दिशा जाकर उधर से गुजर रही एक आर्टिगा कार को रौंदती हुई खंती में जाकर पलट गई इस हादसे के बाद आनन फानन में घायल हुए कार व बस सवारियों को बांगरमऊ अस्पताल लाया गया जहा के डाक्टरों ने दिव्या 6 वर्ष , अंजू 40 वर्ष , अमृता 13 वर्ष, धुनमुन 60 वर्ष व कार चालक विनोद पुत्र बदलू प्रसाद उम्र 45 वर्ष निवासी ग्राम तेनुहारी सोयम कोतवाली खलीलाबाद जनपद संत कबीरनगर इन पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया सभी मृतक कार सवार संत कबीरनगर के बताए जा रहे है जबकि अन्य 13 घायलों को बांगरमऊ अस्पताल से रेफर किया गया है।

**हादसे के वक्त बस हरियाणा से बिहार जा रही थी जबकि कार लखनऊ से आगरा की तरफ जा रही थी कार सवार सभी पारिवारिक सदस्य व करीबी बताए जा रहे है।**

# स्कूल चलो अभियान रैली का शुभारंभ बीईओ ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

अमन लेखनी समाचार




पुरवा-उन्नाव। उच्च प्राथमिक स्कूल कंपोजिट भवानीगंज हिलौली में बुधवार को स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झंडी दिखाकर बीईओ ने रवाना किया। इस दौरान एआरपी, शिक्षकगण व छात्रों ने प्रतिभाग किया। बुधवार को हिलौली खण्ड शिक्षा अधिकारी सुरेश कुमार ने स्कूल चलो अभियान रैली को हरी झण्डी दिखाकर कंपोजिट स्कूल भवानीगंज से रवाना किया। इस दौरान बीईओ ने पैदल चलकर अभिभावकों को जागरुक किया। रैली में शिक्षा ऐसी सीढ़ी है, ₹जिससे चलती पीढ़ी है₹, ₹हम बच्चों का नारा है, शिक्षा अधिकार हमारा है₹ आदि स्लोगन छात्रों व शिक्षकों ने बोलकर छात्रों के नये प्रवेश व प्रतिदिन स्कूल भेजने का आमजनों को संदेश दिया। इस दौरान एआरपी विनोद कुमार, प्रधान शिक्षक कमलेश कुमार, प्राथमिक शिक्षक संघ के तहसील प्रभारी व गणित शिक्षक शिवम चौरसिया, सतीश कुमार, वंदना शर्मा, रचना दीक्षित, ममता यादव, अर्चना, संगीता, पुनीत समेत छात्र व छात्राएं उपस्थित रहे।

# मौरावां का नुमाइंदा भी शामिल होगा ईरान में

अमन लेखनी समाचार



मौरावा, उन्नाव। जनाब गयूरुल हसन रिजवी साहब, पूर्व अध्यक्ष, राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग, भारत सरकार, को ईरान सरकार की ओर से रहबर-ए-मुआज्जम शहीद हजरत आयतुल्लाह सैय्यद अली खामेनई के जनाजे में शिरकत करने का शरफ हासिल हुआ है।

इसी सिलसिले में आज वे मस्कट के रास्ते ईरान के लिए रवाना हो रहे हैं। इंशाअल्लाह, वह इस अजीम और ऐतिहासिक मौके पर शिरकत की सआदत हासिल करेंगे।

यह न सिर्फ. उनके लिए बल्कि उनके अहले-खाना, चाहने वालों और शुभचिंतकों के लिए भी बाइस-ए-फख्र और बाइस-ए-मसर्रत मौकह्व है मिली जानकारी अनुसार इस कार्यक्रम में बिहार के गवर्नर महामहिम अता हुसैन और विदेश राज्य मंत्री पवित्रा मार्गेरिटा का नाम शामिल जाने वालो में शामिल है।

ईरानियन सरकार ने भी पूर्व राष्ट्रीय अल्पसंख्यक आयोग चेयरमैन गय्यरुल हसन रिजवी को अयुतुल्लाह खामनाई के अंतिम संस्कार में शामिल होने का भेजा है संदेश भेजा है। बताते चलें कि जनाब गयूरुल हसन रिजवी नगर पंचायत मौरावां जनपद के मूल निवासी हैं। यहीं उनकी पैतृक भूमि और कर्म भूमि है, उनकी प्रारंभिक और माध्यमिक शिक्षा भी यही की है।

# बक्सर रूट डायवर्जन का एसएसपी व प्रशासनिक अधिकारियों ने किया निरीक्षण

अमन लेखनी समाचार


सुमेरपुर, उन्नाव। जनपद में यातायात व्यवस्था को सुचारु एवं सुरक्षित बनाए रखने के उद्देश्य से मंगलवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक उन्नाव जय प्रकाश सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों के साथ थाना बारासगवर क्षेत्र के बक्सर चौकी क्षेत्र में किए गए रूट डायवर्जन का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी सुशील कुमार, अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी अखिलेश सिंह तथा क्षेत्राधिकारी बीघापुर मधुपनाथ मिश्र भी मौजूद रहे। अधिकारियों ने रूट डायवर्जन व्यवस्था का जायजा लिया और मौके पर तैनात पुलिसकर्मियों एवं संबंधित अधिकारियों को यातायात संचालन, सुरक्षा व्यवस्था तथा आमजन की सुविधा सुनिश्चित करने के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। अधिकारियों ने निर्देशित किया कि रूट डायवर्जन के दौरान किसी भी प्रकार की अव्यवस्था न होने पाए तथा यातायात को सुचारु रूप से संचालित किया जाए, जिससे आम नागरिकों को अनावश्यक परेशानी का सामना न करना पड़े।



# पुलिया से टकराकर बाइक सवार नाले में गिरे दो मित्रों की मौत

अमन लेखनी समाचार





सफीपुर, उन्नाव। परियर-सफीपुर मार्ग पर गहोली गाव समीप तीर्व मोड़ के बाद स्थित गंधा नाला पुलिया से टकराई बाइक 20 मीटर दूर पुलिया की दीवाल से टकराकर नीचे जा गिरी जिस पर सवार दोनो मित्रों की मौके पर मौत हो गई ।दोनों अपने एक मित्र की बारात में शामिल होकर वापस घर जा रहे थे ।पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्मार्टम हेतु जिला अस्पताल भेज दिया । बांगरमऊ थाना क्षेत्र गाव नौबतगंज जगतनगर निवासी शुभम गुप्ता ( 19 ) पुत्र रामप्रसाद उर्फ रामू गुप्ता अपने मित्र कोतवाली क्षेत्र गाव खैरूद्दीनपुर निवासी अखिलेश ( 19 ) पुत्र सुरेश के साथ बुलेट बाइक से गाव निवासी तीसरे मित्र रामशंकर निषाद की बारात में शामिल होने सफीपुर कोतवाली क्षेत्र गाव परियर गए थे । जहा सभी के साथ लगभह 11.30 बजे रात तक रहकर वापस घर जा रहे थे कि परियर-सफीपुर मार्ग पर गाव गहोली समीप गंधा नाला पुलिया से टकराकर नीचे जा गिरे जिस पर दोनों बाइक सवारो की मौके पर मौत हो गई । गाव निवासी लोगो ने बताया कि बाइक की स्पीड इतनी तेज थी कि पुलिया से टकराकर दो खंडों के ऊपर से होती हुई 20 मीटर दूरी पर स्थित पुलिया की दीवार से टकरा कर नीचे जा गिरी । शुभम डी फार्मा के अंतिम वर्ष का छात्र था तीन भाई व दो बहनों में दूसरे नंबर का था व अखिलेश फास्ट फूड की दुकान चलाता था तीन बहनों का इकलौता भाई था । दोनों परिवारों में कोहराम मचा है पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्मार्टम के भेज दिया है ।

# दो बाईकों की आमने सामने भिड़ंत, वृद्ध की मौत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। बिहार थाने अन्तर्गत उन्नाव -लालगंज राजमार्ग पर रावतपुर गाँव के समीप आमने सामने हुई बाइक टक्कर से एक बुजुर्ग गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल बुजुर्ग को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे ही मौत हो गयी। कस्बा बिहार के जानकीगंज निवासी विद्यादीन 72 वर्ष अपने निजी कार्य से सुमेरपुर जा रहे थे। अभी वह रावतपुर गाँव के समीप पहुँचे ही थे तभी सामने से आ रही बाइक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे विद्यादीन गंभीर रूप से घायल हो गए। जबकि दूसरा मोटरसाइकिल सवार मामूली रूप से घायल होकर भाग निकला । राहगीरों द्वारा घायल बुजुर्ग को एम्बुलेंस द्वारा सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र भेजा गया व परिजनो को सूचना दी गयी। सुमेरपुर स्वास्थ्य केंद्र में घायल बुजुर्ग की हालात गंभीर देख डॉक्टरो ने जिला अस्तपताल रिफर कर दिया। परिजनों द्वारा घायल को जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते मे ही उनकी मौत हो गयी। इस संबंध में थाना प्रभारी राहुल सिंह ने बताया परिजनों ने अभी कोई सूचना नही दी है। तहरीर प्राप्त होते ही आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। दिवंगत की कस्बा बिहार में ही आटा चक्की भी है। दिवंगत के दो पुत्र अशोक व संतोष है जबकि एक विवाहित पुत्री ननकई है। पत्नी की मौत पहले हो चुकी है।

# न्यू फैमिली हॉस्पिटल सीज, डॉक्टर न मिलने पर प्रशासन की कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। नगर के हरदोई-उन्नाव मार्ग स्थित न्यू फैमिली हॉस्पिटल पर बुधवार को प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए अस्पताल को सीज कर दिया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी के निर्देश पर की गई। जांच के दौरान अस्पताल में कोई डॉक्टर मौजूद नहीं मिला, जिसके बाद स्वास्थ्य विभाग और प्रशासन की संयुक्त टीम ने नियमानुसार अस्पताल को सील कर दिया। कार्रवाई के दौरान नायब तहसीलदार गंजमुरादाबाद वैभव अग्रवाल, चिकित्सक अधीक्षक डॉ. मुकेश सिंह, डॉ. सागर सिंह, कस्बा इंचार्ज न्यूटन सिंह तथा कांस्टेबल मनोज कुमार सहित अन्य अधिकारी और पुलिसकर्मी मौजूद रहे। टीम ने अस्पताल के दस्तावेजों और व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया।प्रशासन का कहना है कि बिना चिकित्सक की मौजूदगी के अस्पताल का संचालन मरीजों की सुरक्षा के साथ गंभीर खिलवाड़ है। ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़े सभी संस्थानों को निर्धारित मानकों का पालन करना अनिवार्य है। नियमों के उल्लंघन पाए जाने पर आगे भी इसी प्रकार की सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# उर्स-ए-सफवी रूहानियत के अजीमुश्शान इज्तिमा की तैयारियाँ अपने उरूज पर

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। बीती देर शाम उर्स-ए-मुबारक की रूहानी, इंतजामी और दावती तैयारियों को अंतिम रूप देने के लिए साहिब-ए-सज्जादा हजरत नवाज़िश मोहम्मद फारूकी सफवी तथा नायब साहिब-ए-सज्जादा हजरत अफजाल मोहम्मद फारूकी सफवी की अध्यक्षता एवं बज्म-ए-सफविया के कार्यकताओं की उपस्थिति में एक महत्वपूर्ण मशावरती बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में उर्स से संबंधित प्रशासनिक, इल्मी, दीनी और अवामी विषयों पर अत्यंत गंभीरता के साथ विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

बैठक का मुख्य उद्देश्य यह था कि उर्स-ए-मुबारक की समस्त गतिविधियाँ बुजुर्गान-ए-दीन की शिक्षाओं, खानकाही परंपराओं तथा शरीअत के तकाजों के अनुरूप संपन्न हों तथा प्रत्येक चरण में अनुशासन, गरिमा और उत्कृष्ट व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। बैठक में इस बात पर विशेष बल दिया गया कि उर्स केवल एक औपचारिक अथवा पारंपरिक आयोजन नहीं है, बल्कि किसी बुजुर्ग की जीवन-यात्रा, विचारों, चरित्र तथा उनके रूहानी फैज व बरकात को जन-जन तक पहुँचाने का सर्वोत्तम अवसर है। इसी उद्देश्य से विभिन्न विभागों की ज़िम्मेदारियाँ निर्धारित की गईं, कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विचार किया गया तथा अतिथियों के स्वागत, जायरीन की सुविधाओं, व्यवस्था और अन्य आवश्यक प्रबंधों के संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए गए। साथ ही यह भी स्पष्ट किया गया कि उर्स की पवित्रता, रूहानियत और गरिमा के प्रतिकूल किसी भी कार्य से पूर्णतः परहेज किया जाए तथा प्रत्येक सेवा को इख़्लास, मुहब्बत और खिदमत के जज्बे के साथ अंजाम दिया जाए।

साहिब-ए-सज्जादा ने उपस्थित सदस्यों को निर्देशित किया कि उर्स-ए-मुबारक के प्रत्येक चरण में एकता, आपसी सहयोग, उत्तम आचरण और ज़िम्मेदारी का परिचय दें, ताकि यह मुबारक इज्तिमा हर दृष्टि से सफल, सुव्यवस्थित और बुजुर्गान-ए-दीन की शिक्षाओं का सच्चा प्रतीक सिद्ध हो। आपने विशेष रूप से फरमाया कि किसी भी परिस्थिति में शरीअत के विरुद्ध कोई कार्य न किया जाए और तरीकत के नाम पर शरीअत को किसी प्रकार बदनाम न होने दिया जाए। आपने कहा कि ₹शरीअत, तरीकत, हकीकत और मारिफत—ये सभी एक-दूसरे के लिए लाज़िम-ओ-मलजूम हैं।

उर्स-ए-सफवी ( 5 जुलाई से 7 जुलाई 2026 ) का कार्यक्रम

पहला दिन – 5 जुलाई 2026 (रविवार)

बाद नमाज-ए-फज्र : कुरआनख़्वानी – दरगाह शरीफ की मस्जिद में।

प्रातः 8:00 बजे : महफिल-ए-ईद मीलादुन्नबी ।

प्रातः 10:00 बजे : हजरत मखदूम शाह सफी रहमतुल्लाह अलैह के मजार मुबारक का गुस्ल।

बाद नमाज-ए-इशा : जुलूस-ए-चादर गागर शरीफ।

उसके पश्चात : महफिल-ए-समाअ – दरगाह आलिया में।

प्रातः 3:30 बजे : पहला कुल शरीफ, अत्तरपोशी एवं ज़िक्र या हक-या सफी।

दूसरा दिन – 6 जुलाई 2026 (सोमवार)

बाद नमाज-ए-फज्र : कुरआनख़्वानी – दरगाह शरीफ की मस्जिद में।

बाद नमाज-ए-जुहर : महफिल-ए-समाअ – दरगाह शरीफ में।

बाद नमाज-ए-असर : कुल शरीफ – हजरत मखदूम शाह सफी रहमतुल्लाह अलैह।

बाद नमाज-ए-मगरिब : फातेहा-ए-खास – साहिब-ए-सज्जादा के दौलतखाना दारुल अमान में।

बाद नमाज-ए-इशा : शब-ए-चरागाँ एवं महफिल-ए-समाअ – खानकाह आलिया सफविया में, जुमला साहिबान-ए-सज्जादा हजरत मखदूम शाह सफी रहमतुल्लाह अलैह।

तीसरा दिन – 7 जुलाई 2026 (मंगलवार)

बाद नमाज-ए-फज्र : कुरआनख़्वानी – दरगाह शरीफ की मस्जिद में।

प्रातः 11:00 बजे : महफिल-ए-समाअ एवं कुल शरीफ – हजरत सूफी शाह नूर मियाँ रहमतुल्लाह अलैह, साहिब-ए-सज्जादा के दौलतखाना दारुल अमान में।

बाद नमाज-ए-जुहर : महफिल-ए-समाअ – दरगाह आलिया में।

बाद नमाज-ए-असर : कुल शरीफ जुमला साहिबान-ए-सज्जादा हजरत मखदूम शाह सफी रहमतुल्लाह अलैह। बाद नमाज-ए-मगरिब : फातेहा शरीफ – हजरत शाह एजाज मोहम्मद फारूकी सफवी उर्फ. शम्मू मियाँ रहमतुल्लाह अलैह, साहिब-ए-सज्जादा के दौलतखाना दारुल अमान में। बाद नमाज-ए-इशा मजलिस-ए-पाक हजरात शुहदा-ए-कर्बला रजवानुल्लाहि अलैहिम अजमईन – साहिब-ए-सज्जादा के दौलतखाना दारुल अमान में। तत्पश्चात दुआ के साथ उर्स-ए-मुबारक का समापन होगा।

# अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत

अमन लेखनी समाचार



बीघापुर, उन्नाव। कोतवाली क्षेत्र में मंगलवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में 28 वर्षीय युवक की मौत हो गई। अज्ञात स्कॉर्पियो की टक्कर से गंभीर रूप से घायल युवक ने अस्पताल पहुंचते ही दम तोड़ दिया। घटना के बाद मृतक के परिवार में शोक की लहर दौड़ गई। जानकारी के अनुसार, रायबरेली जनपद के थाना बछरावां क्षेत्र के ग्राम तेरा बडोरा निवासी सर्वेश ( 28 ) पुत्र नरेश अपने एक मित्र के साथ कोतवाली क्षेत्र के गणेशखेड़ा गांव में रिश्तेदारी में आए थे। मित्र अपनी पत्नी के साथ एक बाइक पर था, जबकि सर्वेश दूसरी बाइक से अकेले चल रहे थे। मंगलवार शाम करीब 5 बजे सिकंदरपुर-गढ़ेवा मार्ग पर ग्राम सातन के सामने किसी अज्ञात स्कॉर्पियो ने सर्वेश की बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि वह गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। घटना की सूचना मिलते ही मित्र के रिश्तेदार घायल सर्वेश को तत्काल 100 बेड अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया कोतवाली प्रभारी अरविंद कुमार कटियार ने बताया कि मृतक के परिजनों को सूचना दे दी गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर प्राप्त होने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी तथा अज्ञात वाहन की तलाश की जा रही है। बताया गया कि सर्वेश अविवाहित थे और गांव में रहकर मजदूरी कर अपने परिवार का सहयोग करते थे। उनके परिवार में माता-पिता के अलावा दो अविवाहित छोटी बहनें हैं। बेटे की असमय मृत्यु से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है और पूरे गांव में शोक का माहौल है।

## सम्पादकीय

# अब देश में ही पूरा होगा विदेशी डिग्री का सपना

देश में उच्च शिक्षा के नए दौर की शुरूआत हो रही है। केंद्र सरकार द्वारा 15 प्रतिष्ठित विदेशी विश्वविद्यालयों को भारत में अपने कैंपस स्थापित करने की मंजूरी देना केवल एक प्रशासनिक फैसला नहीं, बल्कि शिक्षा क्षेत्र में एक ऐतिहासिक बदलाव की शुरूआत है। लंबे समय से लाखों भारतीय छात्र बेहतर शिक्षा और अंतरराष्ट्रीय डिग्री के लिए विदेश जाने को मजबूर रहे हैं। अब वही अवसर देश के भीतर उपलब्ध होंगे। इससे न केवल छात्रों और अभिभावकों पर आर्थिक बोझ कम होगा, बल्कि भारत को वैश्विक शिक्षा केंद्र बनाने की दिशा में भी महत्वपूर्ण कदम माना जाएगा। हर वर्ष लाखों भारतीय छात्र अमेरिका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा और यूरोप के अन्य देशों में उच्च शिक्षा के लिए जाते हैं। इस प्रक्रिया में करोड़ों डॉलर की विदेशी मुद्रा देश से बाहर जाती है। विदेश में पढ़ाई का कुल खर्च कई बार 80 लाख रुपये से लेकर एक करोड़ रुपये से अधिक तक पहुंच जाता है, जो अधिकांश परिवारों की पहुंच से बाहर होता है। ऐसे में यदि वही डिग्री, वही पाठ्यक्रम, वही मूल्यांकन प्रणाली और अंतरराष्ट्रीय फैकल्टी भारत में ही उपलब्ध हो जाए, तो यह लाखों छात्रों के लिए सुनहरा अवसर होगा। सरकार ने जिन विश्वविद्यालयों को मंजूरी दी है, उनमें यूनिवर्सिटी ऑफ एबरडीन, ब्रिस्टल, यॉर्क, लिवरपूल, इलिनोइस टेक और विक्टोरिया यूनिवर्सिटी जैसे प्रतिष्ठित संस्थान शामिल हैं। इन विश्वविद्यालयों में पढ़ाई का स्तर उनके मूल कैंपस के अनुरूप होगा। पाठ्यक्रम, परीक्षा, मूल्यांकन और डिग्री में कोई अंतर नहीं रखा जाएगा। यही नहीं, छात्रों को एक या दो सेमेस्टर विदेशी कैंपस में पढ़ने का अवसर भी मिलेगा। यह पहल राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 की उस सोच को भी मजबूत करती है, जिसमें भारतीय उच्च शिक्षा को वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने का लक्ष्य रखा गया है। हालांकि इस फैसले के साथ कुछ महत्वपूर्ण चुनौतियां भी जुड़ी हैं। सबसे बड़ा प्रश्न यह है कि क्या विदेशी विश्वविद्यालय भारत में भी अपने मूल कैंपस जैसी गुणवत्ता बनाए रख पाएंगे? इसलिए विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और अन्य नियामक संस्थाओं को नियमित निगरानी सुनिश्चित करनी होगी। फैकल्टी, शोध सुविधाएं, प्रयोगशालाएं, प्लेसमेंट और शैक्षणिक मानकों पर किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होना चाहिए। दूसरी चुनौती फीस को लेकर भी है। भले ही विदेश की तुलना में पढ़ाई का खर्च 30 से 40 प्रतिशत कम होगा, लेकिन यह अभी भी देश के अनेक विद्यार्थियों के लिए महंगा हो सकता है। इसलिए छात्रवृत्ति, शिक्षा ऋण और वित्तीय सहायता की मजबूत व्यवस्था जरूरी होगी। सरकार और विश्वविद्यालयों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि आर्थिक रूप से कमजोर लेकिन प्रतिभाशाली छात्र केवल फीस के कारण इन संस्थानों से वंचित न रहें। इस निर्णय का एक बड़ा सकारात्मक प्रभाव भारतीय अर्थव्यवस्था पर भी पड़ सकता है। यदि आने वाले वर्षों में बड़ी संख्या में छात्र विदेश जाने के बजाय भारत में ही पढ़ाई करेंगे, तो विदेशी मुद्रा की बड़ी बचत होगी। भारत केवल छात्रों का सबसे बड़ा स्रोत देश नहीं रहेगा, बल्कि अंतरराष्ट्रीय शिक्षा का आकर्षक गंतव्य भी बन सकता है। विदेशी विश्वविद्यालयों के भारत में कैंपस खुलना भारतीय शिक्षा व्यवस्था के लिए एक ऐतिहासिक अवसर है। इससे लाखों छात्रों का विदेशी डिग्री हासिल करने का सपना अपने ही देश में पूरा हो सकेगा। साथ ही ब्रेन ड्रेन में कमी, विदेशी मुद्रा की बचत, वैश्विक स्तर की शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसर जैसे अनेक सकारात्मक परिणाम सामने आ सकते हैं।



**दिवस विशेष**
बाल मुकुन्द ओझा

# सांख्यिकी संख्याओं का खेल नहीं, विकास का आईना है

भारत में हर साल 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य रोजाना की जिंदगी और योजना एवं विकास की प्रक्रिया में सांख्यिकी के महत्त्व के प्रति लोगों को जागरुक करना है। यह दिन भारत के प्रख्यात सांख्यिकीविद प्रशांत चंद्र महालनोबिस की जन्मतिथि के अवसर पर मनाया जाता है। वे आंकड़ों के जादूगर थे। भारत सरकार ने वर्ष 2007 में आधिकारिक तौर पर प्रत्येक वर्ष 29 जून को राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस के रूप में मनाने की घोषणा की थी। पहला सांख्यिकी दिवस 29 जून 2007 को मनाया गया था। वर्ष 2026 का राष्ट्रीय सांख्यिकी दिवस भारत के लिए और भी महत्वपूर्ण है क्योंकि देश विकसित भारत @2047 के विजन की ओर तेजी से कदम बढ़ा रहा है, जहां डेटा-संचालित नीतियां देश की प्रगति का मुख्य आधार हैं। किसी भी योजना और परियोजना की सफलता उसके सांख्यिकीय महत्त्व पर निर्भर करती है। आंकड़े हमें नियोजित विकास की राह प्रदर्शित करते है। भारत सरकार सांख्यिकीय आंकड़ों के जरिये समय समय पर विकास का आइना दिखती है। यही हमारी प्रगति का अहसास कराती है। बाधाओं का ज्ञान भी कराती है। बिना आंकड़ों के हम किसी योजना की सफलता का अनुमान नहीं लगा पाते। सांख्यिकी केवल संख्याओं का खेल नहीं है, बल्कि यह देश के विकास की कहानी कहने वाली भाषा है। जैसा कि प्रोफेसर पी. सी. महालनोबिस ने कहा था, सांख्यिकी का उद्देश्य केवल डेटा एकत्र करना नहीं है, बल्कि उसके आधार पर सही निष्कर्ष निकालकर समाज का कल्याण करना है। पीसी महालनोबिस बंगाली साइंटिस्ट और अप्लाइड स्टैटिस्टीशन थे, जिनका जन्म 29 जून 1893 को कोलकाता में हुआ था। उन्हें पॉप्युलेशन स्टडीज की सांख्यिकी माप महालनोबिस डिस्टेंस देने के लिए जाना जाता है। वह स्वतंत्र भारत के पहले योजना आयोग के सदस्य भी थे। महालनोबिस ने इंडियन स्टैटिस्टिकल इंस्टिट्यूट की नींव रखी और बड़े पैमाने पर सैंपल सर्वे को तैयार करने में भी योगदान दिया। उनके इस योगदान के चलते उन्हें भारत में मॉडर्न स्टैटिस्टिक्स का पिता माना जाता है। प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने उन्हें स्वतंत्रता के बाद नवगठित केंद्रीय मंत्रिमंडल का सांख्यिकी सलाहकार भी नियुक्त किया था। पंडित जवाहरलाल नेहरू के काफी नजदीक रहने के बावजूद उन्होंने कभी कोई पद आधिकारिक तौर पर स्वीकार नहीं किया। सरकार ने महालनोबिस के विचारों का उपयोग करके कृषि और बाढ़ नियंत्रण के क्षेत्र में कई अभिनव प्रयोग किए। उनके द्वारा सुझाए गए बाढ़ नियंत्रण के उपायों पर अमल करते हुए सरकार को इस दिशा में अप्रत्याशित सफलता मिली। स्वतंत्र भारत में औद्योगिक उत्पादन की बढ़ोतरी तथा बेरोजगारी दूर करने के प्रयासों को सफल बनाने के लिए महालनोबिस ने ही योजना तैयार की थी। स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद भारत में राष्ट्रीय आय का अनुमान लगाने के उद्देश्य के लिए वर्ष 1949 में महालनोबिस की अध्यक्षता में ही एक श्राष्ट्रीय आय समितिश का गठन किया गया था। जब आर्थिक विकास को गति देने के लिए योजना आयोग का गठन किया गया तो उन्हें इसका सदस्य बनाया गया। महालनोबिस चाहते थे कि सांख्यिकी का उपयोग देशहित में हो। उन्होंने देश को आंकड़ा संग्रहण की जानकारी दी। साथ ही भारत सरकार की दूसरी पंचवर्षीय योजना का मसौदा तैयार करने में उन्होंने अपनी अहम भूमिका निभाई। पीसी महालनोबिस बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे। एक वैज्ञानिक होने के साथ ही साहित्य में भी उनकी जबरदस्त रुचि थी। उन्होंने रवीन्द्रनाथ टैगोर की कृतियों पर अनेक लेख लिखे थे। शांति निकेतन में रहकर महालनोबिस ने टैगोर के साथ करीब 2 महीने का समय बिताया। इस दौरान टैगोर ने उन्हें आश्रमिका संघ का सदस्य बना दिया। बाद में जब टैगोर ने विश्व भारती की स्थापना की, तो महालनोबिस को संस्थान का सचिव भी नियुक्त किया। आज जब भारत विकसित भारत के लक्ष्य की ओर अग्रसर है, तब सटीक, पारदर्शी और समयबद्ध सांख्यिकीय आंकड़े नीति निर्माण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और जनकल्याणकारी योजनाओं की सफलता के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

# लोकतंत्र का एनकाउंटर हो रहा है



**करवट**
कुमार प्रशांत

> हैदराबाद का 2019 का वह मामला याद कीजिए जब वहां की पुलिस ने 4 लोगों का दिन–दहाड़े एनकाउंटर किया था और कारण यह बताया था कि ये अपराधी पुलिस से उसका हथियार छीन कर, उस पर हमला करने की कोशिश में थे। पुलिस ने बड़ी वाहवाही लूटी कि उसने ऐसे दुर्दांत अपराधियों का काम तमाम कर दिया। बाद में इस कहानी के दूसरे पन्ने खुले और खुलते चले गए। आखिरी पन्ना यह कहता है कि जिस तरह इन 4 अपराधियों का काम तमाम किया गया, उसे पुलिसिया गुंडागर्दी कहना चाहिए। आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट की यह टिप्पणी किसी भी पुलिस संगठन को सर उठा कर चलने देगी क्या जिसमें वह कहती है कि पुलिस वर्दीधारी गुंडों की जमात है ?

बिहार की राजधानी पटना; पटना भोजपुर; और भोजपुर का नया चर्चित चेहरा भरत तिवारी! कहानी की तरह जो बात हर कहीं कही व छापी जा रही है, वह कुछ यूं है कि कुछ लोग भरत तिवारी को अपराधी करार दे रहे हैं, कुछ उन्हें रॉबिनहुड का अवतार बता रहे हैं. लेकिन इन सारी आवाजों व शोर के बीच जो बात उभर ही नहीं पा रही है वह है राज्य द्वारा नागरिकों का शिकार..'! इसे एनकाउंटर कहिए या फेंक एनकाउंटर कहिए, हत्या कहिए या शिकार कहिए, सच्ची व ठोस हकीकत यह है कि एक कोई भरत तिवारी नाम का युवक था कि जो पुलिस के काबू में नहीं आ रहा था। पुलिस ने आत्मसमर्पण के बाद उसे घेर कर, खुले आसमान के नीचे गोली मार कर काबू में कर लिया। पुलिस के मुताबिक जो अपराधी था, वह नहीं रहा तो कहानी तमाम होती है. लेकिन क्या सच में कहानी तमाम होती है ?

2005 का गुजरात ! सारा देश सोहराबुद्दीन शेख नाम के आतंकी के एंकाउंटर की कहानी से गूंज रहा था। तब आलम ऐसा बनाया गया था मानो आतंकियों का कोई अंतरराष्ट्रीय गैंग है जिसने गुजरात में अपनी तमाम ताकत झोंक दी है, वहां से पुलिस-आतंकवादियों के मुठभेड़ की रोज एक-न-एक कहानी सामने आती ही थी, और कमाल यह था कि हर कहानी के अंत में 'आतंकवादी' मारे जाते थे, पुलिस को खरोंच तक नहीं आती थी. ऐसा कैसे होता है कि जान देने की पूरी तैयारी से आए आतंकवादी ताश के पत्तों से ढह जाते थे ? पुलिस लाशें गिनती थी, प्रशासन उनका प्रदर्शन करता था और कहता था कि सत्ता की सबसे ऊंची कुर्सी इनके निशाने पर थी। हमने उसका काम तमाम कर दिया। आज सोहराबुद्दीन शेख व एनकाउंटर के ऐसे तमाम मामले अदालतों में गहरे शक के घेरे में हैं; और कई मामले ऐसे भी हैं कि जिनमें अदालत ने तथाकथित अपराधियों को निर्दोष बता दिया है।

आतंकी कार्रवाईयों का चरम था मुंबई बमब्लास्ट ! उस केस में भी सालों मुकदमे के बाद भी पुलिस-प्रशासन अदालत को संतुष्ट नहीं कर सका कि वह जिन्हें आतंकवादी या आतंकी षड्यंत्र का सफरमैना कह रहा है, उसमें सत्य व तथ्य हैं। वर्षों जेल में रहने के बाद एक-एक कर वे सभी निरीह लोग रिहा होते गए जिनका जीवन बर्बाद हो चुका था। क्या ये सब निर्दोष थे ? कौन कहे ? पुलिस ने किसी को ऐसा कहने लायक नहीं छोड़ा! लेकिन यह बात दिन के उजाले की तरह साफ है कि पुलिस की अपनी भूमिका पर अदालत को गहरा संदेह है।

हैदराबाद का 2019 का वह मामला याद कीजिए जब वहां की पुलिस ने 4 लोगों का दिन-दहाड़े एनकाउंटर किया था और कारण यह बताया था कि ये अपराधी पुलिस से उसका हथियार छीन कर, उस पर हमला करने की कोशिश में थे। पुलिस ने बड़ी वाहवाही लूटी कि उसने ऐसे दुर्दांत अपराधियों का काम तमाम कर दिया। बाद में इस कहानी के दूसरे पन्ने खुले और खुलते चले गए। आखिरी पन्ना यह कहता है कि जिस तरह इन 4 अपराधियों का काम तमाम किया गया, उसे पुलिसिया गुंडागर्दी कहना चाहिए। आंध्रप्रदेश हाईकोर्ट की यह टिप्पणी किसी भी पुलिस संगठन को सर उठा कर चलने देगी क्या जिसमें वह कहती है कि पुलिस वर्दीधारी गुंडों की जमात है ?

हमारा संविधान कहता है कि आप इस तरह किसी की



कहानी तमाम नहीं कर सकते ! फिर संविधान आगे कहता है कि पुलिस का काम अपराध की रोकथाम करना है और जो अपराधी बेकाबू हो जाए उसे गिरफ्तार कर, न्यायालय में ला खड़ा करना है ताकि न्यायालय उसे संविधान के मुताबिक सजा दे सके. अदालत ने जो सजा दी, उसके साथ उस व्यक्ति को जेल तक पहुंचा देना पुलिस का काम है। संविधान इससे अधिक या इससे आगे पुलिस की किसी भूमिका को मान्य नहीं करता है। लेकिन यहीं एक पेंच खड़ा होता है कि संविधान ही यह भी कहता है कि आत्मरक्षा में किसी की जान चली जाए, तो उसे सामान्य अपराध नहीं माना जाएगा है। संविधान की इसी धारा की आड़ में वह सारी मनमानी चलती है कि जिसे हम यहां एंकाउंटर या फेंक एनकाउंटर या पुलिस-अपराधी मुठभेड़ कह रहे हैं।

ऐसा जाली मुकाबला सरकार व नागरिकों के बीच, संविधान व उसकी बनाई एजेंसियों के बीच भी इन दिनों ख़ूब चल रहा है। एसआईआर इसका सबसे ख़तरनाक उदाहरण है। संविधान को बाजू कर, जब आप निहत्थे नागरिकों को घेर कर, उनका तमाम कर देते हो तब इसे लोकतंत्र का एनकाउंटर कहते हैं। आप देखिए कि यहां बंदूक़ चुनाव आयोग के हाथ में है, ट्रिगर पर अंगुली सत्ताधारियों की है और संविधान न्यायपालिका के काले लबादे की जेब में धरा घुट रहा है।

संविधान या ऐसे तमाम दस्तावेजों की एक दिक्कत है- उनके शब्द और उनके हेतु के बीच एक खाई है। शब्द व अर्थ के बीच ऐसी खाई हर जगह है और यह एकदम स्वाभाविक भी है, क्योंकि शब्द हमेशा बेजान होते हैं। शब्द जो कहना चाहते हैं, वे तभी पूरी तरह कह पाते हैं जब कोई उन शब्दों को आचरण में उतारता है। शब्द आचरण में उतरते ही बला के शक्तिवान हो उठते हैं। लेकिन जब आप शब्दों को आचरण से दूर कर देते हैं तो वे बेजान व अर्थहीन हो जाते हैं। मसलन, संविधान ने कहा कि पुलिस अपराधी को पकड़कर अदालत के सामने खड़ा करे, यही उसका काम है। न आगे, न पीछे। अब पुलिस भी जानती है और हम भी जानते हैं कि अपराधी हाथ बांध कर तो सामने आएगा नहीं कि लो पुलिस भाई, हम यहां खड़े हैं, आओ और अपनी संवैधानिक जिम्मेवारी पूरी कर लो! वह भागेगा, धोखा देगा, धमकी देगा, कभी हमला भी कर सकता है लेकिन पुलिस को अपनी संवैधानिक भूमिका यदि याद है, तो वह ऐसी तमाम कोशिशें को नाकाम करते हुए, बगैर उत्तेजित होते हुए उसे घेरती रहेगी, बांधती-साधती, निरुपाय करती रहेगी। चूहा-बिल्ली का यह खेल लंबा नहीं चल सकता है, क्योंकि अपराधी या आतंकी हमेशा कमजोर पिच पर खेलता होता है व उसका बल्ला भी खोखला होता है। नियमतः चलने वाली पुलिस के पीछे सारा देश, पूरे-का-पूरा संविधान खड़ा होता है. तो अंततः वह अपराधी टूटेगा ही। इधर वह टूटा, उधर पुलिस को अपना काम पूरा करने का मौका मिला. इसमें जितना वक्त लगेगा, पुलिस को जितना धैर्य रखना पड़ेगा, वह संविधान के पालन की कीमत है। लोकतंत्र की यह कम-से-कम क़ीमत है जिसे सबको अदा करनी चाहिए. पुलिस अपनी विफलता, भ्रष्ट आचरण, अपने ऊपर के अधिकारियों के अहं की तुष्टि याकि सत्ताधीशों के स्वार्थ को पूरा करने का औजार बन जाती है तब एनकाउंटर वाला रास्ता खुलता है।

वह स्वर्णाक्षरों में लिखी जाने वाली हिदायत याद रखें हम कि भले कई अपराधी छूट जाएं लेकिन एक निरपराध को सजा नहीं मिलनी चाहिए. यह हिदायत अपराधियों को नजरंदाज करने या उन्हें किसी तरह की छूट देने की बात नहीं करती है। यह बताना चाहती है कि अपराधी व निरपराधी के बीच एक अत्यंत पतली लकीर होती है जिसे कोई पार न कर जाए, इसकी सावधानी प्रशासन को, सरकार को रखनी ही चाहिए. ऐसा नहीं हुआ तो समाज एक ऐसे जंगल में बदल जाएगा जिसमें हर शक्तिवान अपने से कम शक्तिवान का शिकार खेलेगा. हम ऐसे जंगल में रहना चाहते हैं कि समाज में ? इसके जवाब में आप जो कहेंगे उससे निर्धारित होगा कि आप लोकतंत्र के नागरिक हैं या किसी के पोशीदा हेतु को पूरा करने के औजार ?

# शरणागति के संत 'गोस्वामी तुलसीदास'



संकलित
**दर्शन**

भगवान शंकर जी ने भी विष पिया और गोस्वामी तुलसीदास जी ने भी। दोनों ने समाज को रामकथामृत देकर धन्य कर दिया। संसार में और समुद्र में अमृत-मंथन करने पर विष अवश्य निकलेगा, पर उसमें राम को जोड़ दिया तो वह विष भी अमृत हो जाएगा। यही तुलसीदास जी ने किया- ***गरल सुधा रिपु करहिं मिताई, गोपद सिंधु अनल सित लाई। गरुड़ सुमेरु रेनु सम ताही, राम कृपा करि चितवा जाही।।*** राम नाम के प्रति गोस्वामी जी की आस्था तो सावन मास के अंधे की तरह थी, जिन्हें राम प्रेम में सब हरा ही हरा दिखाई देता था। राम की कृपा के प्रति गोस्वामी तुलसीदास जी की यह जो दीनता और शरणागति है, यही उनका चरम पुरुषार्थ है। कृपा के मूल में पुरुषार्थ नहीं होता है, अपितु पुरुषार्थ के मूल में कृपा होती है। रामचरितमानस कृपासाध्य ग्रंथ है, साधन साध्य नहीं। कर्म, उपासना, साधन, अनुष्ठानादि सब ठीक हैं, पर यह सब पाने के साधन हैं, किंतु जिसके जीवन में प्राप्तव्य ही कृपा से प्राप्त हुआ हो, वह क्या करे? रामचरितमानस में पुरुषार्थ के चरम आदर्श श्री लक्ष्मण जी और कृपा के चरम आदर्श श्री भरत जी दोनों के आदर्श और सर्वस्व श्रीराम हैं। इसका तात्पर्य यह है कि गोस्वामी तुलसीदास जी ने वाल्मीकि जी, व्यास जी और जितने भी श्रेष्ठतम पुराणकार हुए सबकी वंदना की है, पर उन्होंने अपने ग्रंथ में न तो इतिहास को उठाया, न किसी ग्रंथ से कुछ लिया। इसीलिए श्रीरामचरितमानस भक्तों के हृदय सिंहासन पर विराजमान हो सका।

# बहरूपियों से हमेशा सतर्क व सावधान रहें



संकलित
**प्रेरणा**

एक कबूतर और एक कबूतरी एक पेड़ की डाल पर बैठे थे। उन्हें बहुत दूर से एक आदमी आता दिखाई दिया। कबूतरी के मन में कुछ शंका हुई और उसने कबूतर से कहा कि चलो जल्दी उड़ चले नहीं तो ये आदमी हमें मार डालेगा। कबूतर ने लंबी सांस लेते हुए आराम के साथ कबूतरी से कहाः भला उसे ध्यान से देखो तो सही, उसके कपड़े देखो, चेहरे से भोलापन टपक रहा है, ये हमें क्या मारेगा, बिलकुल सज्जन पुरुष लग रहा है। कबूतर की बात सुनकर कबूतरी चुप हो गई। जब वह आदमी उनके पास आया तो अचानक उसने अपने वस्त्र के अंदर से तीर कमान निकाला और झट से कबूतर को मार दिया। और बेचारे उस कबूतर के वहीं प्राण पखेरू उड़ गए। असहाय कबूतरी ने किसी तरह भाग कर अपनी जान बचाई और बिलखने लगी। उसके बाद वह कबूतरी रोती हुई अपनी फरियाद लेकर राजा के पास गई और राजा को उसने पूरी घटना बताई। राजा ने तुरंत अपने सैनिकों को उस शिकारी को पकड़कर लाने का आदेश दिया। तुरंत शिकारी को पकड़ कर दरबार में लाया गया। शिकारी ने डर के कारण अपना जुर्म स्वीकार कर लिया। कबूतरी ने बहुत दुःखी मन से कहा किः हे राजन, मेरा जीवन साथी तो इस दुनिया से चला गया जो फिर कभी भी लौटकर नहीं आएगा, इसलिए मेरे विचार से इस क्रूर शिकारी को बस इतनी ही सजा दी जानी चाहिए कि अगर वो शिकारी है तो उसे हर समय शिकारी वाले कपड़े पहनना चाहिए।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### चढ़ावे की चोरी करने वालों पर कड़ी कार्रवाई हो

चार माह पहले मुझे अयोध्या, प्रयागराज व काशी जाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ था। मैंने नहीं सोचा था कि अयोध्या में राम मंदिर में चढ़ावे के पैसे पर ही डाका पड़ जाएगा। जो लोग चढ़ावे के नोट गिनते थे, उन्होंने ही हेराफेरी कर ली। बताया जाता है कि पिछले चार वर्षों में करोड़ों का घोटाला हो गया और यह हेराफेरी करने वालों के संबंध बड़े बड़े लोगों से हैं। लोगों द्वारा चढ़ाए गए करोड़ों रुपए के सोने-चांदी व हीरे के हार गायब हो गए हैं। इस संबंध में जनता चाहती है कि घोटाला करने वालों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई हो। प्रचार किया जाता है कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भ्रष्टाचार के प्रति सख्त रवैया रखने वाले मुख्यमंत्री हैं, तो क्यों न इस घोटाले के आरोपियों को बेनकाब किया जाए।

*- संजय साहू, दुर्ग*

## ट्रेंड

### मतदाताओं से बातचीत करेंगे



मैं जम्मू-कश्मीर की खूबसूरत वादियों के विभिन्न हिस्सों में रहने वाले मतदाताओं के साथ बातचीत करूंगा, खासकर बडगाम जिले के जमीनी स्तर पर कार्यरत बूथ-स्तरीय अधिकारियों के साथ, जो आयोग की नींव हैं। बीएलओ और अन्य संबंधित पक्षों के साथ संवाद करेंगे।

-ज्ञानेश कुमार, सीईसी

### अपने अंदर झांके पाक



हमने कराची में घटना के संबंध में भारत के खिलाफ निराधार आरोप लगाने वाली पाकिस्तानी रिपोर्ट देखी है। 'हम इन आरोपों को स्पष्ट रूप से खारिज करते हैं। दूसरे पर उंगली उठाने के बजाय, पाक को अपने अंदर झांकना चाहिए।

-रणधीर जायसवाल, प्रवक्ता, विदेश मंत्रालय

### सख्त कार्रवाई होगी



मुझे जानकारी मिली है कि पान मसाला व गुटखा जैसे उत्पादों में भी नशा मिलाया जा रहा है। यदि कोई इन उत्पादों में थोड़ी-सी मात्रा में भी कोई नशीला पदार्थ मिलाता पाया गया, तो कर्नाटक में ऐसे उत्पादों पर प्रतिबंध लगाने और ऐसे लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होगी। -डीके शिवकुमार, सीएम, कर्नाटक

### सबसे यादगार पल



विश्व चैंपियनशिप मेरे करियर के सबसे खास टूर्नामेंट में से एक है। कुछ सबसे यादगार पल, सबसे मुश्किल सबक और सबसे फक्र करने वाली उपलब्धियां इसी मंच पर मिली हैं। 'भारत में अपने प्रशंसकों के सामने विश्व चैंपियनशिप में खेलने का मौका और भी विशेष बनाता है।

-पीवी सिंधू, बैडमिंटन खिलाड़ी

## करंट अफेयर

# वॉशिंगटन में भारतीय आमों का स्वाद चखने उमड़ी भीड़



अमेरिका के वॉशिंगटन स्थित 'ड्यूपॉन्ट सर्कल' में हजारों लोग भारतीय आमों की मिठास और लजीज बिरयानी का स्वाद लेने के लिए उमड़े। भारतीय दूतावास ने शनिवार को यहां एक कार्यक्रम का आयोजन किया था जिसमें भारतीय मूल के अमेरिकी वर्जीनिया और मैरीलैंड से ड्यूपॉन्ट सर्कल पहुंचे। उन्होंने पुरानी यादें ताजा कीं और केसर, लंगड़ा एवं मालदा सहित विभिन्न किस्मों के रसीले आमों का स्वाद चखा। अमेरिका में रहने वाली भारतीय मूल की दिशा ने केसर आम का लुत्फ उठाते हुए कहा, 'मुझे याद है कि गर्मियों में मेरी दादी हमें आम खिलाया करती थीं। मैं बस भारतीय आमों का स्वाद लेने के लिए ही यहां आई हूं।

## ऑफ बीट

# आहार की नई सिफारिश में अधिक सब्जियों पर जोर



ईएटी–लैंसेट आयोग का कहना है कि पिछले सप्ताह जारी उनके 'प्लैनेटरी हेल्थ डाइट' को अपनाने से दुनिया भर में प्रतिदिन 40,000 समयपूर्व मौतों को रोका जा सकता है और 2050 तक कृषि से होने वाले मीथेन उत्सर्जन में 15 प्रतिशत की कमी लाई जा सकती है। इस आहार में अधिक सब्जियों, फल, साबुत अनाज, दालें और मेवे शामिल करने की सिफारिश की गई है, जबकि मांस, मछली, मुर्गी और दुग्ध उत्पाद को सीमित मात्रा में रखा गया है। यदि आप एक थाली की कल्पना करें, तो उसका आधा हिस्सा सब्जियों और फलों (जिनमें सब्जियां अधिक हों) से भरा होना चाहिए। बाकी आधे हिस्से में साबुत अनाज और वनस्पति आधारित प्रोटीन हों।

## संक्षेप

### तीन शातिर चोर गिरफ्तार

**संग्रामपुर पुलिस ने 10 हजार नकद, तमंचा-कारतूस बरामद किए**

अमेठी ,पुलिस को एक बड़ी सफलता मिली है। संग्रामपुर थाना पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी के 10 हजार रुपये नकद, एक तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ है ।पुलिस अधीक्षक सरवणन टी के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार किए गए तीनों आरोपियों ने 17 जून की रात संग्रामपुर थाना क्षेत्र के शिवमोहन के घर में घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था ।मुखबिर की सूचना पर संग्रामपुर पुलिस ने शिवम पाण्डेय (32), पंकज पाण्डेय (35) और अमित पाण्डेय उर्फ मोनू (30) को गिरफ्तार किया। ये तीनों ग्राम नेवादा कनू, थाना संग्रामपुर के निवासी हैं ।शिवम पाण्डेय के पास से 315 बोर का एक तमंचा, एक जिंदा कारतूस और 3500 रुपये बरामद हुए। पंकज पाण्डेय से 3500 रुपये और अमित पाण्डेय से 3000 रुपये बरामद किए गए, जिससे कुल 10 हजार रुपये की बरामदगी हुई पूछताछ के दौरान आरोपियों ने 17 जून की रात शिवमोहन के घर में चोरी करने की बात कबूल की। इस मामले में थाना संग्रामपुर में पहले 305, 331(4) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था। बरामदगी के बाद इसमें धारा 317(2) बीएनएस और 3/25 आर्म्स एक्ट की धाराएं भी जोड़ी गई हैं ।पुलिस रिकॉर्ड के अनुसार, अमित पाण्डेय और पंकज पाण्डेय पर पहले भी चोरी के मुकदमे दर्ज हैं ।गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष संजय सिंह, उपनिरीक्षक राम कुमार यादव, राज कुमार सिंह सहित नौ पुलिसकर्मी शामिल थे। थाना पुलिस मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई कर रही है।

### विवाहिता का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला

**घर के अंदर फांसी पर लटका शव, परिजन हत्या का आरोप लगा रहे**

अमेठी ,एक विवाहिता का शव उसके घर के अंदर संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला है। घटना अमेठी कोतवाली क्षेत्र के सडिला गांव की है। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है ।मृतका की पहचान रिंकी उर्फ रोली, पत्नी राजीव उर्फ साजन के रूप में हुई है। आज दोपहर करीब 1:30 बजे रिंकी अपने नए घर से कपड़े धोने की बात कहकर पुराने घर पर आई थी। काफी देर तक जब वह बाहर नहीं निकली, तो पड़ोस की एक लड़की ने घर के अंदर झांककर देखा। उसने रोली का शव दरवाजे के सहारे फांसी के फंदे से लटका पाया ।लड़की ने तत्काल ग्रामीणों को इसकी जानकारी दी, जिसके बाद बड़ी संख्या में लोग मौके पर इकट्ठा हो गए। ग्रामीणों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। अमेठी कोतवाली पुलिस के साथ फॉरेंसिक टीम भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल से आवश्यक साक्ष्य जुटाए ।मृतका रिंकी ने तीन साल पहले राजीव उर्फ साजन से प्रेम विवाह किया था। उसका एक नौ महीने का बच्चा भी है, जो घटना के समय घर के बाहर खेल रहा था।

# पल्स पोलियो अभियान की तैयारियों की सीएमओ ने की समीक्षा

## 5 वर्ष तक के प्रत्येक बच्चे को दवा पिलाने के दिए निर्देश

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रुपईडीहा, बहराइच। ब्लॉक बाबागंज नवाबगंज में आगामी पल्स पोलियो अभियान-2026 को शत-प्रतिशत सफल बनाने के उद्देश्य से मुख्य चिकित्सा अधिकारी बहराइच डॉ. संजय कुमार ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) चरदा का निरीक्षण कर अभियान की तैयारियों का विस्तृत जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों के साथ समीक्षा बैठक कर अभियान से जुड़ी व्यवस्थाओं की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए ।बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि पल्स पोलियो अभियान के दौरान जन्म से लेकर 5 वर्ष तक की आयु के प्रत्येक बच्चे को पोलियो रोधी दवा की खुराक अवश्य पिलाई जाए। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि अभियान के दौरान कोई भी पात्र बच्चा छूटना नहीं चाहिए। इसके लिए माइक्रोप्लान के अनुसार टीमों को घर-घर जाकर बच्चों का सत्यापन करने, छूटे हुए बच्चों को चिन्हित कर उन्हें तत्काल दवा पिलाने तथा अभियान की नियमित निगरानी करने के निर्देश दिए ।उन्होंने बताया कि यह विशेष अभियान 28 जून से 3 जुलाई तक संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत बूथों, घर-घर भ्रमण तथा ट्रांजिट प्वाइंट्स पर स्वास्थ्य विभाग की टीमें बच्चों को पोलियो की दो बूंद पिलाने का कार्य कर रही हैं। उन्होंने सभी टीमों से पूरी जिम्मेदारी, सतर्कता और ईमानदारी के साथ कार्य करने का आह्वान किया ।डॉ. संजय कुमार ने कहा कि पोलियो एक गंभीर बीमारी है, जो बच्चों में स्थायी विकलांगता का कारण बन सकती है। समय पर पोलियो की खुराक पिलाकर इस बीमारी से पूरी तरह बचाव संभव है। इसलिए अभिभावकों को भी जागरूक होकर अपने पांच वर्ष तक के सभी बच्चों को पोलियो की खुराक अवश्य दिलानी चाहिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने अभियान से संबंधित अभिलेखों, दवा की उपलब्धता, टीमों की तैनाती, सुपरविजन व्यवस्था एवं अन्य तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अभियान की लगातार मॉनिटरिंग की जाए और किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। इस अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र चरदा के अधीक्षक डॉ. थानेदार, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक (बीपीएम) अब्बूस्वले सिद्दीकी, बीएचडब्ल्यू टिंकू आर्य, सीएचओ जितेंद्र कुमार, सीएचओ विनीत कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी एवं

# वन महोत्सव के तहत एक पेड़ माँ के नाम अभियान का हुआ शुभारंभ



अमन लेखनी समाचार

रूपईडीहा, बहराइच। वन महोत्सव सप्ताह (1 जुलाई से 7 जुलाई ) के अवसर पर बुधवार को रूपईडीहा रेंज के अंतर्गत चकिया कक्ष संख्या 14 पी-1, क्षेत्रफल 10 हेक्टेयर में वृक्षारोपण जन अभियान एक पेड़ माँ के नाम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला पंचायत सदस्य संदीप जायसवाल ने अपनी माता के नाम पर एक पौधा लगाकर अभियान का शुभारंभ किया तथा पर्यावरण संरक्षण और हरित क्षेत्र बढ़ाने के लिए अधिक से अधिक पौधरोपण करने का आह्वान किया।

इस दौरान आम, पाकड़, जामुन, गुलमोहर, बरगद सहित विभिन्न फलदार एवं शोभाकार पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को पौधों के संरक्षण एवं पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए जागरूक भी किया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय वन अधिकारी रूपईडीहा रेंज विवेक कुमार शुक्ला सहित वन विभाग के समस्त कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

# टायर फटने की चपेट से किशोर की मौत

अमन लेखनी समाचार

उन्नाव। बीती रात असोहा थाना क्षेत्र के कालूखेड़ा मार्ग पर चंदनखेड़ा चौराहा स्थित दुकान पर पानी के टैंकर के पहिए में हवा डालते समय टायर फटने से बालक की मौत हो गई बताते हैं कि चंदन खेड़ा निवासी रामगोपाल सिंह की एक छोटी सी हवा भरने की दुकान है जिस पर मंगलवार की रात लगभग 8:00 बजे एक टैंकर के पहिए में हवा भरते वक्त हवा अत्यधिक होने से टायर फट जाने की चपेट में आकर राम गोपाल सिंह का लगभग 16 वर्षीय बेटा युवराज सिंह उर्फ कृष्णा जो कक्षा 10 का छात्र है और सामने जीडीआरसी में पढता था अपनी दुकान पर जीकोपार्जन के लिए पढ़ाई के साथ-साथ परिवार के लोगों का हाथ भीबटाता था गोपाल सिंह के तीन बेटों में यह सबसे छोटा था बड़ा बेटा सत्यम आदर्श जो घर से बाहर थे घटना के समय पिता भी एक प्राइवेट नौकरी के लिए लखनऊ गए थे रात में अकेले होने के कारण युवराज ही गाड़ी में हवा डालने का काम करने लगा अचानक तेज आवाज सुनकर लोग दौड़ पड़े तब तक युवराज लहू लुहान हो चुका था आनं-फानन सभी लोगों ने उसे कालूखेड़ा अस्पताल पहुंचाया जहां जवाब मिलते ही उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर ले जाया गया यहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया घटना की जानकारी होते ही परिवार में कोहराम मच गया वह क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई अपने मृदु स्वभाव के लिए कृष्णा सबके हृदय का चहेता था मृतक की मां बेबी का रो रो कर बुरा हाल है समाचार लिखे जाने तक मृतक के परिजनों को ढा ढस बनाने के लिए क्षेत्र के हजारों लोगों का जमावड़ा लगा हुआ था आको षित लोगों ने टैंकर में आग लगाने का भी प्रयास किया समाचार लिखे जाने तक मृतक का शो पोस्टमार्टम होने के बाद अभी घर तक पहुंचा नहीं था

# विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ

## जागरूकता वाहन को दिखाई हरी झंडी

अमन लेखनी समाचार



बहराइच। जनपद में संचारी रोगों की रोकथाम और जनजागरूकता के उद्देश्य से बुधवार को विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान का शुभारंभ किया गया। भाजपा जिलाध्यक्ष बृजेश पांडेय ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय से जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संजय शर्मा ने बताया कि अभियान 31 जुलाई तक पूरे जिले में चलाया जाएगा। इसके तहत 11 से 31 जुलाई तक दस्तक अभियान भी संचालित होगा, जिसमें आशा एवं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता घर-घर जाकर बुखार, क्षय रोग, फाइलेरिया, कालाजार सहित अन्य संभावित मरीजों की पहचान करेंगी और उन्हें उपचार के लिए स्वास्थ्य केंद्रों पर भेजेंगी। अभियान के दौरान मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, फाइलेरिया, जापानी इंसेफेलाइटिस (जेई), एईएस तथा अन्य संचारी रोगों की रोकथाम के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी, आशा, एएनएम और अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# नेपालगंज में अवैध भारतीय मुद्रा के साथ भारतीय नागरिक गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार

मोहम्मद कौसर



रूपईडीहा, बहराइच। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित नेपालगंज में नेपाल पुलिस ने चेकिंग अभियान के दौरान एक भारतीय नागरिक को भारी मात्रा में प्रतिबंधित भारतीय मुद्रा एवं नेपाली नकदी के साथ गिरफ्तार किया है नेपाल पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, जिला प्रहरी कार्यालय बांके की टीम ने नेपालगंज उपमहानगरपालिका-16 क्षेत्र में वाहन चेकिंग के दौरान उत्तर प्रदेश के बहराइच जनपद के थाना रूपईडीहा क्षेत्र के चरदा निवासी 31 वर्षीय योगेश कुमार जायसवाल को हिरासत में लिया। वह मोटरसाइकिल संख्या यूपी-40 एएस-5041 से नेपालगंज की ओर जा रहा था। पुलिस द्वारा की गई तलाशी के दौरान उसके पास से 32 हजार नेपाली रुपये तथा 1 लाख 50 हजार रुपये की प्रतिबंधित भारतीय मुद्रा बरामद हुई। पूछताछ के दौरान वह उक्त धनराशि के संबंध में कोई वैध दस्तावेज अथवा संतोषजनक स्रोत प्रस्तुत नहीं कर सका।

इसके बाद नेपाल पुलिस ने आरोपी को बरामद नकदी सहित आवश्यक कार्रवाई के लिए भंसार (कस्टम) कार्यालय, नेपालगंज, बांके के सुपुर्द कर दिया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है तथा बरामद धनराशि के स्रोत और उसके उपयोग के संबंध में विस्तृत पड़ताल की जा रही है।

# राम मंदिर चंदा चोरी की सिटिंग जज से जांच हो

## अमेठी सांसद किशोरीलाल शर्मा का बयान, पेपर लीक पर भी सरकार को घेरा

अमन लेखनी समाचार




अमेठी ,सांसद किशोरीलाल शर्मा ने अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे के दौरान गौरीगंज स्थित कांग्रेस कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने राम मंदिर चंदा चोरी मामले की जांच किसी सिटिंग जज की अध्यक्षता में कराने की मांग की और पेपर लीक को लेकर भी सरकार पर सवाल उठाए। सांसद शर्मा ने भाजपा पर हमला करते हुए कहा कि चंदा चोरी मामले की जांच कमेटी का दायरा व्यापक होना चाहिए और उसे किसी से भी पूछताछ करने की स्वतंत्रता मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि तभी यह माना जाएगा कि सरकार सही तरीके से आरोपियों को पकड़ना चाहती है। उन्होंने पेपर लीक के मुद्दे पर सरकार को घेरते हुए कहा कि हाल ही में आयोजित नीट परीक्षा में बड़े पैमाने पर प्रश्नपत्र लीक होने की खबरें सामने आईं। 22 से अधिक परीक्षार्थी इस परीक्षा में शामिल हुए थे। बढ़ते जनदबाव के बाद केंद्र सरकार को परीक्षा रद्द करनी पड़ी और दोबारा परीक्षा कराने का निर्णय लेना पड़ा ।सांसद शर्मा ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित नीट परीक्षा के अलावा सीबीएसई की उत्तरपुस्तिका मूल्यांकन में गड़बड़ियों का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश में लेखपाल भर्ती परीक्षा, यूपी एसआई भर्ती परीक्षा, पुलिस सिपाही भर्ती परीक्षा, आरओ-एआरओ भर्ती परीक्षा, एसएससी जीडी भर्ती परीक्षा और सहायक प्रोफेसर भर्ती परीक्षा सहित अनेक प्रतियोगी परीक्षाएं भी पेपर लीक की घटनाओं से प्रभावित हुई हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार के कार्यकाल में युवाओं के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ हुआ है।

# नई ई-रजिस्ट्री के खिलाफ वकीलों ने किया प्रदर्शन

## ई-रजिस्ट्री के विरोध में निकाला पैदल मार्च, बोले- कानून वापस नहीं हुआ तो करेंगे आंदोलन

अमन लेखनी समाचार



अलीगढ़ , अधिवक्ताओं ने प्रदेश सरकार द्वारा लागू की जा रही नई ई-रजिस्ट्री और ई-पंजीकरण व्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन किया। तहसील कोल में पिछले 24 दिनों से चल रही हड़ताल और धरने के समर्थन में दि अलीगढ़ बार एसोसिएशन और तहसील राजस्व बार एसोसिएशन के बैनर तले सैकड़ों वकीलों ने नारेबाजी कर पैदल मार्च निकाला। सैकड़ों की तादात में अधिवक्ता नारेबाजी कर कलेक्ट्रेट पहुंचे। अधिवक्ताओं ने डीएम कार्यालय का घेराव किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम अविनाश कुमार को सौंपा। वकीलों ने चेतावनी दी कि अगर सरकार ने इस काले कानून को वापस नहीं लिया, तो यह आंदोलन सिर्फ अलीगढ़ तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में उग्र रूप धारण कर लेगा।

### 24 दिन से भूख हड़ताल पर हैं वकील, नहीं जागा प्रशासन

तहसील राजस्व बार एसोसिएशन के महासचिव रामवीर सिंह बघेल और अध्यक्ष ओमप्रकाश शर्मा ने बताया कि ई-रजिस्ट्री व्यवस्था के विरोध में तहसील कोल के अधिवक्ता पांच जून से लगातार हड़ताल और धरने पर बैठे हैं। आज 24 दिन बीत जाने के बाद भी शासन या प्रशासन का कोई नुमाइंदा सुध लेने नहीं आया ।इससे वकीलों, कातिबों और स्टाम्प वेंडर्स में भारी आक्रोश है। सोमवार को एकजुटता दिखाते हुए जिले के समस्त न्यायालयों, तहसीलों और निबन्धन कार्यालयों में न्यायिक कार्य पूरी तरह ठप रहा।

### निजीकरण का विरोध और 12 मंजिला अधिवक्ता भवन

दि अलीगढ़ बार एसोसिएशन के अध्यक्ष उमेश कुमार पाठक और महासचिव अनिल कुमार शर्मा के नेतृत्व में सौंपे गए ज्ञापन में मुख्य रूप से दो मांगें उठाई गई हैं। अनिल कुमार शर्मा ने कहा कि दि सिविल बार एसोसिएशन पूरी तरह राजस्व बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं के साथ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम को सौंपा गया है ।ई-रजिस्ट्रीकरण का आदेश वापस करने की मांगअधिवक्ताओं का आरोप है कि अधिकृत निजी संस्थाओं के माध्यम से दस्तावेजों के पंजीकरण की यह व्यवस्था असल में इस क्षेत्र का निजीकरण है। इससे उत्तर प्रदेश के लाखों अधिवक्ताओं, कातिबों, स्टाम्प वेंडर्स और टाइपिस्टों के सामने रोजी-रोटी का गंभीर संकट खड़ा हो जाएगा।

# पुलिस उत्पीड़न के खिलाफ आप का प्रदर्शन

## अवैध वसूली और चालान से ग्रामीणों में डर, एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

अमन लेखनी समाचार




सुल्तानपुर , कादीपुर में अखंडनगर थाने की पुलिस द्वारा कथित अवैध वसूली और अकारण चालान के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने मोर्चा खोल दिया है। पार्टी कार्यकताओं और स्थानीय ग्रामीणों ने आज एसडीएम कादीपुर को एक मांग पत्र सौंपा। इसकी एक प्रति सीओ कादीपुर को भी आवश्यक कार्रवाई के लिए भेजी गई है ।यह प्रदर्शन सीधे तौर पर पुलिसिया उत्पीड़न के खिलाफ जनता के आक्रोश को दशार्ता है। आम आदमी पार्टी के प्रदेश मुख्य प्रवक्ता वंशराज दुबे ने इस मामले की गंभीरता को रेखांकित करते हुए कहा कि अखंडनगर पुलिस पूरी तरह निरंकुश हो चुकी है।


### व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा

दुबे ने आरोप लगाया कि दिनभर की मेहनत के बाद जब ग्रामीण, किसान और मजदूर शाम को बाजारों में खरीदारी करने निकलते हैं, तो पुलिस उन्हें रोककर जबरन 'धनुगाई' (अवैध वसूली) करती है। विरोध करने पर सीधे-साधे लोगों को झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी देकर भारी-भरकम चालान काट दिए जाते हैं। उन्होंने इसे कानून व्यवस्था का नहीं, बल्कि खुलेआम दरोगाशाही बताया। जिलाध्यक्ष सुरेश चंद्र एडवोकेट ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा कि पुलिस के इस अमानवीय और दमनकारी रवैये के कारण पौधन रामपुर, अलीपुर और आसपास के गांवों में भारी डर का माहौल है। लोग शाम को बाजार जाने से कतरा रहे हैं, जिससे स्थानीय व्यापारियों का व्यापार भी प्रभावित हो रहा है ।उन्होंने प्रशासन से पुलिस की अवैध वसूली तुरंत बंद करने और शाम के वक्त बाजारों में चेकिंग के नाम पर हो रही अवैध वसूली एवं अकारण चालान पर रोक लगाने की मांग की। दोषी पुलिसकर्मियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएआप पदाधिकारियों ने चेतावनी दी।

# सड़क सुरक्षा अभियान, 129 वाहनों का चालान

## 773 वाहनों की जांच के बाद 8.88 लाख रुपये जुर्माना वसूला गया

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ़ , सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस और यातायात विभाग ने रात एक विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। प्रदेश सरकार के निर्देश पर कुंडा स्थित भदरी टोल प्लाजा पर यह अभियान चलाया गया। इसमें ड्रंक एंड ड्राइव, प्रेशर हॉर्न, मोडिफाइड साइलेंसर, अवैध हूटर, काली फिल्म, हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट और अन्य यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की गई ।यातायात निरीक्षक मनोज कुमार राय, हथिगवां इंस्पेक्टर सत्येंद्र सिंह और चौकी प्रभारी प्रिंस तिवारी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। अभियान के दौरान कुल 773 वाहनों की जांच की गई, जिनमें से 129 वाहनों का चालान किया गया। इनसे कुल 8.88 लाख रुपये का शमन शुल्क (जुमार्ना) वसूला गया। जुमार्ने का विवरण इस प्रकार है: एक वाहन पर अवैध हूटर के लिए 10 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। नशे की हालत में वाहन चलाने वाले चार चालकों से 40 हजार रुपये वसूले गए ।इसके अतिरिक्त, 49 वाहनों पर प्रतिबंधित प्रेशर हॉर्न पाए जाने पर 4.90 लाख रुपये का जुमार्ना लगा। 57 वाहनों पर हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट न होने के कारण 2.85 लाख रुपये, 17 वाहनों पर काली फिल्म के लिए 43 हजार रुपये और दो वाहनों पर मोडिफाइड साइलेंसर के लिए 20 हजार रुपये का जुमार्ना लगाया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सड़क सुरक्षा नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भविष्य में भी ऐसे अभियान जारी रहेंगे।

# सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे का आरोप

## पिलर लगाकर कब्जा, विरोध पर धमकी; प्रशासन ने जांच के निर्देश दिए

अमन लेखनी समाचार



प्रतापगढ,उदयपुर थाना क्षेत्र में ग्रामसभा की नवीन परती भूमि पर कथित अवैध कब्जे का मामला सामने आया है ।एक शिकायतकर्ता ने सरकारी जमीन पर पिलर लगाकर कब्जा करने का आरोप लगाया है। विरोध करने पर गाली-गलौज और मारपीट की धमकी दिए जाने की शिकायत भी प्रशासन से की गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच के निर्देश दिए गए हैं। यह मामला प्रतापगढ़ जिले के थाना उदयपुर क्षेत्र के पथरिया-अठेहा गांव का है, जहां सोमवार को ग्रामसभा की नवीन परती भूमि पर अवैध कब्जे का आरोप लगा। शिकायतकर्ता शैलेश कुमार यादव ने प्रशासन को दिए प्रार्थना पत्र में बताया है कि गांव की गाटा संख्या 655, रकबा 0.124 हेक्टेयर, जो ग्रामसभा की नवीन परती भूमि के रूप में दर्ज है, उस पर गांव के ही कुछ लोग जबरन कब्जा करने का प्रयास कर रहे हैं। शिकायत के अनुसार, आरोपी सरकारी भूमि पर रेडीमेड सीमेंट के पिलर लगाकर कब्जा करने की तैयारी में हैं। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया है कि जब उन्होंने इस कार्रवाई का विरोध किया, तो आरोपी पक्ष आक्रोशित हो गया और उनके साथ गाली-गलौज करते हुए मारपीट पर उतारू हो गया। शैलेश कुमार यादव ने यह भी कहा कि विपक्षी पक्ष प्रभावशाली होने के कारण उन्हें लगातार भय और दबाव का सामना करना पड़ रहा है। शैलेश कुमार यादव ने पूरे मामले की शिकायत लालगंज के उपजिलाधिकारी शैलेंद्र वर्मा से की है। उन्होंने सरकारी भूमि को कब्जामुक्त कराने और दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। शिकायत पर उपजिलाधिकारी ने थाना उदयपुर पुलिस और राजस्व विभाग को मौके पर पहुंचकर प्रकरण की जांच करने, भूमि की वास्तविक स्थिति का सत्यापन करने तथा यदि अवैध कब्जा पाया जाए तो नवीन परती भूमि को तत्काल कब्जामुक्त कराने के निर्देश दिए हैं।

# संक्षेप

## महिला से मारपीट, कपड़े फाड़े गए

### देवर-जेठ पर शील भंग, सोने का कुंडल गायब करने का आरोप

बागपत ,एक महिला ने अपने देवर, जेठ और जेठानी पर मारपीट करने, कपड़े फाड़ने, शील भंग करने और सोने का कुंडल छीनने या गायब करने का आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर सख्त कार्रवाई की मांग की है। शिकायत के अनुसार, शिवानी पत्नी मनोज, जो मूल रूप से गांव धनौरा सिल्वरनगर, थाना बिनौली की निवासी हैं और वर्तमान में गाजियाबाद में रहती हैं, ने यह आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि 26 जून 2026 को वह अपने पति और बच्चों के साथ धनौरा सिल्वरनगर से गाजियाबाद लौट रही थीं। इसी दौरान उनके देवर सचिन, जेठ अजय और जेठानी काजल ने उनके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। महिला ने आरोप लगाया कि विरोध करने पर आरोपियों ने उनके साथ लात-घूंसों से मारपीट की और उन्हें जमीन पर गिरा दिया। पीड़िता का कहना है कि मारपीट के दौरान उनके कपड़े भी फाड़ दिए गए, जिससे उनका शील भंग हुआ। उन्होंने यह भी बताया कि घटना के दौरान उनके कान का सोने का कुंडल छीन लिया गया या गायब हो गया। पीड़िता के अनुसार, आरोपी लगातार उन्हें और उनके बच्चों को जान से मारने की धमकी दे रहे हैं। घटना के बाद पीड़िता ने तत्काल डायल-112 पर सूचना दी। शिकायत में बताया गया है कि इवेंट आईडी 26062607582 दर्ज हुई थी और मौके पर पीआरवी टीम भी पहुंची थी। पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक से मामले में एफआईआर दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है। पुलिस से इस मामले में आवश्यक कार्रवाई की अपेक्षा की जा रही है।

## युवक के अपहरण व मारपीट का आरोप

### पीड़ित परिवार ने एसपी कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई, पुलिस ने जांच शुरू की

बागपत , कोतवाली क्षेत्र के गांव बली से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक निजी सफाई कर्मचारी ने कुछ युवकों पर अपहरण कर बंधक बनाने और बेरहमी से मारपीट करने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़ित परिवार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर शिकायत पत्र दिया और न्याय की मांग की है। पीड़ित सौरभ ने बताया कि वह दिल्ली में निजी सफाई कर्मचारी के रूप में कार्यरत है। उसके अनुसार, यह घटना 17 जून को हुई जब वह दिल्ली से अपने गांव लौट रहा था। बागपत रोड रेलवे स्टेशन पर उतरते ही कुछ युवकों ने उसे घेर लिया। सौरभ का आरोप है कि आरोपियों ने उसके साथ गाली-गलौज की और विरोध करने पर मारपीट शुरू कर दी। सौरभ ने बताया कि इसके बाद आरोपी उसे जबरन बाइक पर बैठाकर टटीरी क्षेत्र की एक दुकान पर ले गए। वहां उसे बंधक बनाकर दोबारा पीटा गया। पीड़ित के मुताबिक, जब उसने शोर मचाया तो आसपास लोगों की आहट सुनकर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए।घटना के बाद घायल सौरभ ने कोतवाली बागपत में चार नामजद और दो अज्ञात युवकों के खिलाफ तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। इस बीच, घायल युवक का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह अपने साथ हुई घटना का जिक्र करते हुए पुलिस से न्याय की गुहार लगाता दिखाई दे रहा है।

## जगह-जगह मनाया गया क्षेत्रीय विधायक का जन्म दिवस

### विधायक राजेंद्र पटेल ने पहुंचकर कार्यकताओं में भरा आगामी चुनाव का जोश

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के जहानाबाद विधानसभा विधायक पूर्व मंत्री राजेंद्र सिंह पटेल का जन्म दिवस जनपद में जगह-जगह धूमधाम से मनाया गया जनपद के जहानाबाद कस्बे में पहुंचे क्षेत्रीय विधायक का पूर्व अध्यक्ष अनवर उल हक समेत सभी भाजपा कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया इसी प्रकार विधानसभा क्षेत्र के अमौली मंडल भाजपा कार्यालय पहुंचे क्षेत्रीय विधायक का भाजपा मंडल अध्यक्ष देवेंद्र अवस्थी वरिष्ठ कार्यकर्ता पूर्व शिक्षक सुरेंद्रनाथ उमराव डाक्टर रामभक्त वर्मा समेत सभी पदाधिकारियों एवं समाजसेवियों ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया इसके उपरांत कस्बे के एक गेस्ट हाउस में आयोजित कार्यक्रम अंतर्गत पहुंचे क्षेत्रीय विधायक का कार्यक्रम के आयोजक समेत कार्यकर्ताओं ने माल्यार्पण प्रतीक चिन्ह भेंट करते हुए सम्मानित किया तथा जन्म दिवस के अवसर पर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी क्षेत्र में जगह-जगह पहुंचे क्षेत्रीय विधायक ने पार्टी के पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए आगामी 2027 के विधानसभा चुनाव में विजय हासिल करने की नीति बताई उन्होंने अपने संबोधन में कहा की वर्तमान सरकार के कार्यों को देखते हुए आगामी 2027 में तीसरी बार पूर्ण बहुमत से भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाएगी भारतीय जनता पार्टी एक संस्कारी तथा सिद्धांत वादी पार्टी है जिसमें शीर्ष के साथ-साथ निम्न स्तर की भूमिका निभा रहे बूथ प्रमुखों का भी महत्वपूर्ण योगदान रहता है इस मौके पर पूर्व प्रधान संघ अध्यक्ष अरविंद उमराव श्रीकांत उत्तम रामकिशोर वर्मा प्रांजल पाण्डेय अंकित आशीष रजत समेत भारी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता समाजसेवी तथा क्षेत्रीय गणमान्य लोग मौजूद रहे

## अज्ञात वाहन टक्कर मार कर हुआ फरार युवक की मौके पर हुई मौत

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर। जनपद के बांदा सागर मार्ग रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को भीषण टक्कर मार दी जिससे युवक की मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार जनपद के मलवा थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव बरमतपुर भरसवां गांव निवासी दीपक पुत्र शैलेंद्र पासवान अपनी ससुराल पखरौली गांव गया था वहां से वापस होते समय रेलवे क्रॉसिंग के समीप एक अज्ञात वाहन ने युवक को भीषण टक्कर मार दी जहां युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई युवक के साथ मौजूद दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हुआ आसपास के लोगों ने पहुंचकर पुलिस प्रशासन को सूचना दी जहां पहुंची पुलिस प्रशासन ने घायल को अस्पताल भेजा वहीं मृतक का पंचनामा करते हुए शव विच्छेदन गृह फतेहपुर के लिए रवाना किया यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो घर में निवास कर रहे पत्नी के साथ माता-पिता बहन भाई आदि का रो-रो कर बुरा हाल हो गया प्रशासन द्वारा मिली जानकारी के अनुसार मृतक का घायल साथी भी जिंदगी मौत से जूझ रहा है



## आकाशीय बिजली ने किशोर की छीनी जिंदगी

अमन लेखनी समाचार



फतेहपुर। जनपद के बिंदकी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गांव तेंदुली में अचानक आकाशीय बिजली की चपेट में एक बालक आ गया जिसकी मौके पर भी मौत हो गई मिली जानकारी के अनुसार 15 वर्षीय बालक आयुष उर्फ चुन्नू यादव पुत्र सूरजभान यादव गांव से कुछ दूर पर एक आम के बगीचे मैं मौजूद था जहां भयानक गर्जना के साथ आकाशीय बिजली की चपेट में किशोर आ गया और बालक की मौके पर ही मौत हो गई यह जानकारी जैसे ही परिजनों को मिली तो परिवार में कोहराम मच गया सूचना पाकर भारी भीड़ जुट गई वहीं सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस प्रशासन ने शव का पोस्टमार्टम कराने की सलाह दी जहां पिता सूरजभान यादव ने पोस्टमार्टम के लिए मना कर दिया परिजनों द्वारा मिली जानकारी के अनुसार पिता दूसरे प्रांत छत्तीसगढ़ में प्राइवेट नौकरी करता है सूचना मिलने के बाद बेटे के अंतिम दर्शन के लिए पिता अपने गांव को रवाना हुए परिजनों ने बताया कि पिता के आने के पश्चात बेटे का अंतिम संस्कार किया जाएगा वहीं इस घटना से पूरे गांव में अशोक की लहर दौड़ गई

## भाकियू (मनीष) की राष्ट्रीय अध्यक्ष धरने पर बैठीं

### बोलीं- 5 जुलाई तक सीएम समस्या सुनने नहीं आए तो जल समाधि लूंगी

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, भारतीय किसान यूनियन (मनीष) की राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन मनीष गोस्वामी अपनी विभिन्न मांगों को लेकर धरने पर बैठ गईं। उन्होंने कहा कि उनका आंदोलन किसानों, गरीबों और मजदूरों को न्याय दिलाने के लिए है। वह आगे भी उनके अधिकारों की आवाज उठाती रहेंगी। सिमरन मनीष गोस्वामी ने आरोप लगाया कि किसानों और गरीबों के साथ लगातार अत्याचार हो रहा है, जिसे उनकी यूनियन किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। उन्होंने कहा कि वह सुबह से अत्याचार के विरोध में धरने पर बैठी हैं।चिकित्सकों और कर्मचारियों पर लगाए गंभीर आरोप उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ चिकित्सक और सरकारी कर्मचारी रिश्वत लेने के बावजूद गरीबों और मजदूरों का उचित इलाज नहीं करते। शिकायत करने पर अभद्र भाषा का प्रयोग किया जाता है और जान से मारने की धमकी दी जाती है। सिमरन का दावा है कि कुछ कर्मचारी खुलेआम कहते हैं, ₹चाहे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से शिकायत कर दो, हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता, क्योंकि हम सबको पैसा खिलाते हैं।₹

### बोलीं- लड़ाई किसी व्यक्तिगत हित की नहीं

धरने के दौरान सिमरन ने कहा कि उनकी लड़ाई किसी व्यक्तिगत हित के लिए नहीं, बल्कि किसानों, मजदूरों और गरीबों के अधिकारों के लिए है।

उन्होंने कहा कि यूनियन के सभी पदाधिकारी, किसान, मजदूर और गरीब अत्याचार के खिलाफ एकजुट हैं और हमेशा साथ खड़े रहेंगे।

राष्ट्रीय अध्यक्ष सिमरन मनीष ने कहा कि मैं अपनी समस्या सिर्फ मुख्यमंत्री के सामने ही रखूंगी।

## विपिन हत्याकांड में भीम आर्मी का प्रदर्शन

### आर्थिक सहायता, सरकारी नौकरी, शस्त्र लाइसेंस और पीड़ित परिवार की सुरक्षा की उठाई मांग

अमन लेखनी समाचार



मेरठ, कंकरखेड़ा निवासी विपिन की 21 जून को हुई हत्या के मामले में भीम आर्मी और आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के कार्यकर्ताओं ने सोमवार को प्रदर्शन कर जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। संगठन ने निष्पक्ष और प्रभावी कार्रवाई की मांग करते हुए कहा कि घटना में शामिल सभी आरोपियों को जल्द गिरफ्तार किया जाए और उनके खिलाफ सख्त धाराओं में कार्रवाई हो।ज्ञापन में मांग की गई कि पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दी जाए, परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी प्रदान की जाए, सुरक्षा के लिए शस्त्र लाइसेंस जारी किया जाए तथा मुकदमे में एससी-एसटी एक्ट की धाराएं बढ़ाई जाएं। पीड़ित परिवार ने पुलिस पर भी लापरवाही का आरोप लगाते हुए इंसाफ की गुहार लगाई। भीम आर्मी के जिलाध्यक्ष चतर सिंह जाटव ने कहा कि विपिन अपने बुजुर्ग माता-पिता का इकलौता सहारा था। उसकी हत्या से परिवार पूरी तरह टूट गया है। उन्होंने कहा कि केवल नामजद आरोपी ही नहीं, घटना में शामिल सभी लोगों की गिरफ्तारी होनी चाहिए। उन्होंने सरकार से पीड़ित परिवार को आर्थिक मदद और एक सदस्य को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। साथ ही परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए शस्त्र लाइसेंस दिया जाए। उन्होंने कहा कि मामले में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा मिलनी चाहिए। चतर सिंह जाटव ने कहा कि कुछ हिन्दू संगठन इस मामले को हिंदू-मुस्लिम विवाद बनाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि अपराधी की कोई जाति या धर्म नहीं होता और दोषियों को उनके अपराध के आधार पर सजा मिलनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पहले भी दलित समाज से जुड़े मामलों में कई संगठन चुप रहे, लेकिन अब माहौल को सांप्रदायिक बनाने की कोशिश की जा रही है। मृतक की मां संतोष देवी ने कहा कि उनका बेटा ही बुजुर्ग माता-पिता का सहारा था। अब परिवार पूरी तरह असहाय हो गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बेटे की बेरहमी से हत्या की गई और घटना में कई लोग शामिल थे, जबकि अब तक सभी आरोपी गिरफ्तार नहीं हुए हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें केवल न्याय चाहिए और सभी दोषियों को कड़ी सजा मिलनी चाहिए। मृतक के पिता ने भी आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की।

## कमलदत्त बोले- चीफ साहब कब सोएगी जनता चैन की नींद

### माधवपुरम की बिजली समस्याओं को लेकर जताई नाराजगी, मांगा समाधान

अमन लेखनी समाचार



मेरठ , शहर में बिजली फाल्ट हंगामे की वजह बनने लगे हैं। 3 दिन से माधवपुरम क्षेत्र में लोग सड़कों पर हैं जिसने जनप्रतिनिधियों की भी नींद उड़ा दी। भाजपा नेता कमल दत्त शर्मा और अजय गुप्ता ने इन समस्याओं को लेकर चीफ इंजीनियर मेरठ रजनीकांत मिश्रा का घेराव किया और समाधान मांगा। उन्होंने नाराजगी जताई कि अफसरों के निरीक्षण के बाद भी समस्या जस की तस बनी हैं। मेरठ में बिजली की डिमांड एकाएक बढ़ने के बाद फॉल्ट भी बढ़ गए हैं। इसके चलते ट्रांसफार्मर लोड नहीं झेल पा रहे और एबीसी केवल तक पिघल कर गिर रही हैं। माधवपुरम और उसके आसपास का इलाका 3 दिन से इस समस्या से जूझ रहा है। लोग रात रात भर सड़कों पर रहकर विरोध करने को मजबूर हैं। जनप्रतिनिधियों को फोन पर समाधान मिलता है जो हकीकत नहीं होता।अफसरों से जवाब लेने पहुंचे कमल दत्त लोगों का गुस्सा बढ़ने के बाद भाजपा नेता कमल दत्त शर्मा कार्यकर्ताओं के साथ चीफ इंजीनियर मेरठ रजनीकांत मिश्रा के दफ्तर पहुंच गए और उनका घेराव किया। भाजपा नेता ने कहा पिछले एक महीने से माधवपुरम और उसके आसपास के इलाके बिजली फॉल्ट झेल रहे हैं। दिनभर जीतोड़ मेहनत करने वाला व्यक्ति रात में चैन की नींद भी नहीं ले पा रहा फाल्ट से जुड़ी समस्या पर मांगा समाधान कमलदत्त शर्मा ने कहा कि माधवपुरम में ओवरलोड बड़ी समस्या है। ट्रांसफार्मर बदलने का कई बार आश्वासन मिला लेकिन ट्रांसफार्मर नहीं पहुंचे। वह यह पूछने आए हैं कि ट्रांसफार्मर क्यों नहीं बदले गएइसके अलावा एबीसी केवल भी लगातार पिघल कर नीचे गिर रही हैं। इसका खामियाजा जनता को रात भर जाग-जाग कर भुगतना पड़ रहा है।

## जीजा ने गिफ्ट किया तमंचा, साला चोर बना

### पुलिस से कहा- तमंचे से ही दोस्तों में रौब जमाता था

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद , मसूरी थाना पुलिस ने 2 दिन पहले निर्माणधीन मकान में चोरी के मामले में युवक को अरेस्ट किया है। युवक ने पूछताछ में बताया कि तमंचा 2 साल पहले दिल्ली में जन्मदिन पार्टी में गिफ्ट किया था। इसके बाद तमंचे से दोस्तों में रौब जमाता था। पुलिस ने सलमान को अरेस्ट करते हुए तमंचा बरामद कर लिया है। मोहम्मद तमकीन के मकान का निर्माण कार्य चल रहा है। देर रात चोर घर में घुस गए। मकान मालिक ने शोर मचाया तो चोरों ने फायरिंग कर दी। जिसमें मकान मालिक ने सलमान को पहचान लिया।

### साथियों को एक दिन पहले पकड़ा

मसूरी थाना प्रभारी हरेंद्र मलिक ने बताया कि पीड़ित की तहरीर पर वारिस, सलमान, बिलाल के खिलाफ केस दर्ज किया। चोरी करते समय पकड़े जाने के डर से सलमान द्वारा ही फायरिंग की गई थी। सलमान के 2 साथियों को एक दिन पहले पुलिस ने जेल भेजा था।

### जीजा ने गिफ्ट किया था तमंचा

सलमान ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि मैं 8 वीं फेल हूं। 2 साल पहले मैं अपने जीजा के दोस्त के यहां बर्थथे पार्टी में गया था। जिसक बाद बहनोई नईम निवासी मंडोली दिल्ली ने मुझे तमंचा फ्री में दिया था। इसके बदले कुछ पैसे भी नहीं लिए। सलमान ने बताया कि एक साल पहले मेरे बहनोई नईम की मौत हो चुकी है। सलमान ने बताया कि इससे पहले भी हमारा गैंग एक चोरी की घटना को अंजाम दे चुका है।

## युवक की सोनीपत में पीट-पीटकर हत्या

### आरोपियों ने पिता को कॉल पर सुनवाई बेटै की चीखें, कहा तेरे बेटे की हत्या कर दी है लाश ले जाओ

अमन लेखनी समाचार




मेरठ , खरखौदा के खंदावली गांव निवासी 26 साल के विशाल की हरियाणा, सोनीपत के राई में पीट पीटकर हत्या कर दी गई। वारदात शाम की है। जब विशाल के पिता शिवकुमार को आरोपियों ने पहले मेरठ में मोबाइल पर फोन किया। उससे कहा कि विशाल यानि तुम्हारे बेटे की हत्या कर दी है, इसे उठा ले जाओ। तब घरवालों को बेटे की हत्या की जानकारी हुई। वहीं पिता शिवकुमार गांव के कुछ लोगों के साथ राई पहुंचे। जहां पुलिस को पूरे घटनाक्रम की जानकारी देकर शिकायत की है। वहीं पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। विशाल के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। विशाल की हत्या के पीछे उम्रदराज महिला जो एक युवक की मां है उससे अफेयर की बात सामने आ रही है। जबकि पिता ने हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग के शक के साथ ही 40 हजार के लेनदेन का भी विवाद बताया है। मेरठ के खरखौदा का मूलनिवासी इन दिनों सोनीपत के राई एरिया में रहने वाले विशाल की पड़ोसियों ने देर शाम हत्या कर दी। विशाल (26) राई इंडस्ट्रियल एरिया स्थित राजधानी बेसन कंपनी में प्लांट ऑपरेटर के रूप में कार्य करता था। मूल रूप से मेरठ के खंदावली गांव का रहने वाला था। विशाल के पिता शिवकुमार सोनीपत पहुंचे। जहां उन्होंने पुलिस को पूरा मामला बताया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी। विशाल के पिता शिवकुमार का कहना है कि रात 8 बजे उनको उन्हें पड़ोस में रहने वाले अनुज उर्फ तनुज का फोन आया। फोन पर पीछे से विशाल के चिल्लाने की आवाज आ रही थी। मैंने जब विशाल से बात कराने को कहा तो जवाब मिला, विशाल को खत्म कर दिया है, यहां से उठाकर ले जाओ। शिवकुमार ने आगे बताया कि इसके बाद मैं तुरंत कुछ लोगों के साथ राई के लिए रवाना हो गया। वहां पता चला कि अनुज ने अपने साथियों के साथ मिलकर विशाल पर लाठी-डंडों से हमला किया है। पीट-पीटकर उसकी हत्या कर दी गई।


### मां से अफेयर होने पर नाराज रहता था

शिवकुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बेटे विशाल के पड़ोस में ही ओमबीर का परिवार रहता है। ओमबीर को शक था कि विशाल का उसकी पत्नी के साथ अफेयर चल रहा है। इसी बात से उसका बेटा अनुज भी विशाल से नाराज रहता था। मां से अफेयर के शक पर पड़ोसी ने 26 वर्षीय युवक की पीट-पीटकर हत्या कर दी। पड़ोसी परिवार के लोगों ने युवक को खेतों में ले जाकर लाठी-डंडों से बेरहमी से पीटा, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पहले भाई के साथ ही रहता था विशाल मौके पर पहुंचे विशाल के भाई अतुल ने बताया कि जब विशाल नौकरी के लिए राई क्षेत्र में आया था, तब वह शुरूआती दिनों में उनके साथ ही किराए के मकान में रहता था।

## नोएडा में हनीमून पर पती ने पत्नी को दिया धक्का

### दार्जलिंग के होटल दोनों रुके , वहीं सीढ़ियों से मारा धक्का सिर और पेट आई चोट

अमन लेखनी समाचार



नोएडा ,हनीमून के दौरान सीढ़ियों से धक्का देकर जान लेने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए एक नवविवाहिता ने अपने पति के खिलाफ र सेक्टर-113 थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। महिला का आरोप है कि शादी के अगले ही दिन से पति उसके साथ मारपीट और गाली-गलौज करता था। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। होटल में सीढ़ियों से दिया धक्कासेक्टर-75 निवासी महिला ने पुलिस को बताया कि उनकी शादी 30 अप्रैल 2026 को हरविंदर चौहान से हुई थी। विवाह के बाद दोनों हनीमून के लिए सिक्किम और दार्जिलिंग गए। आरोप है कि 9 मई को दार्जिलिंग में होटल की सीढ़ियों पर पति ने उन्हें धक्का दे दिया, जिससे वह गिर गईं। गिरने से दोनों घुटनों में गंभीर चोट आई और सिर व पेट पर भी चोट लगीमोबाइल फोन तोड़ दिय10 मई को नोएडा लौटने के बाद जब उन्होंने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो पति ने उनका मोबाइल फोन जमीन पर फेंक दिया।

## ग्रेटर नोएडा में खुले गड्ढे में गिरी कार

### पाइपलाइन के लिए खोदी गई थी,ड्राइवर सुरक्षित

अमन लेखनी समाचार



गौतम बुद्ध नगर , ग्रेटर नोएडा में एक कार गंगाजल पाइपलाइन की मरम्मत के लिए खोदे गए गड्ढे में गिर गई। हादसे में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन ड्राइवर सुरक्षित बच गया। घटना शनिवार रात सेक्टर अल्फा-1 स्थित रेलवे विहार की है।

पुलिस के अनुसार, प्रमोद अपनी कार से रेलवे विहार की ओर जा रहे थे। रात के समय सड़क पर बिना बैरिकेडिंग और चेतावनी बोर्ड के खुला पड़ा गड्ढा दिखाई नहीं दिया और उनकी कार सीधे उसमें जा गिरी। रविवार सुबह क्रेन की मदद से कार को गड्ढे से बाहर निकाला गया।

### कई दिनों से खुला पड़ा था गड्ढा

स्थानीय लोगों का कहना है कि गंगाजल पाइपलाइन की मरम्मत के लिए सड़क खोदी गई थी, लेकिन कई दिनों से गड्ढा खुला पड़ा था। वहां न बैरिकेडिंग की गई थी और न ही कोई चेतावनी बोर्ड लगाया गया था। इससे रात के समय हादसे का खतरा बना हुआ था।


### प्राधिकरण की लापरवाही का आरोप

एक्टिव सिटिजन टीम के सदस्य हरेंद्र भाटी ने ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि शहर को गड्ढा मुक्त बनाने के दावे किए जाते हैं, लेकिन जगह-जगह खुले गड्ढे लोगों की जान के लिए खतरा बने हुए हैं।

## एसी ब्लास्ट से 21वें फ्लोर पर भीषण आग

### खिड़कियों से लपटें उठीं, 3 फ्लैट तक फैली; घबराते हुए भागे लोग

अमन लेखनी समाचार



नोएडा, एक बिल्डिंग में सुबह करीब साढ़े 8 बजे भीषण आग लग गई। 21वें फ्लोर के एक फ्लैट में एसी ब्लास्ट के बाद लगी आग से अफरातफरी मच गई। आग देखकर फ्लोर के लोग भी चिल्लाते हुए नीचे भागे। नीचे के फ्लैटों में रहने वाले लोग चिल्लाने लगे, फ्लोर खाली करो। उधर, खिड़कियों से आग की ऊंची-ऊंची लपटें बाहर निकलने लगीं और पूरा फ्लोर धुएं से भर गया। आसपास के लोग पाइप के जरिए आग बुझाने की कोशिश करने लगे। इसी बीच फायर ब्रिगेड की छह गाड़ियां भी मौके पर पहुंच गईं। लेकिन दमकल का पानी 13वीं मंजिल तक ही पहुंच पा रहा था। फायर फाइटर्स ने मोर्चा संभाला और लोगों की मदद से इमारत में लगे संसाधनों की सहायता से आग बुझाने का प्रयास शुरू किया। आग आसपास के फ्लैटों में फैलती, उससे पहले ही उस पर काबू पा लिया गया। हालांकि, एक फ्लैट का सामान जलकर खाक हो गया। आग लगने की यह घटना सेक्टर-119 स्थित अरण्य सोसाइटी की 24 मंजिला इमारत में हुई। सीएफओ प्रदीप कुमार ने बताया, ह्हमारे बहादुर जवानों ने आधे घंटे में आग पर काबू पा लिया। इस घटना में किसी प्रकार की कोई जनहानि नहीं हुई है। एहतियात के तौर पर पूरी बिल्डिंग खाली करा दी गई थी।नोएडा में ऊंची इमारतों और बहुमंजिला सोसाइटीज में आग बुझाने के लिए दमकल विभाग के पास हाइड्रोलिक प्लेटफॉर्म और आर्टिकुलेटिंग वाटर टावर जैसी हाइड्रोलिक मशीनें उपलब्ध हैं।

# मिशन शक्ति के अंतर्गत महिला सुरक्षा, साइबर अपराधों के प्रति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए सोनभद्र पुलिस द्वारा मिशन शक्ति 5.0 के दूसरे चरण के अंतर्गत जनपद में व्यापक एवं प्रभावी जनजागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा के कुशल निर्देशन में जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर समाज के सभी वर्गों को जागरूक किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित प्रमुख सामाजिक विषयों–जैसे लिंगानुपात, लैंगिक समानता, बाल विवाह, लैंगिक शोषण, महिलाओं एवं बच्चों के प्रति होने वाली हिंसा, साक्षरता एवं स्वास्थ्य–पर विशेष रूप से प्रकाश डालते हुए जनमानस को जागरूक किया गया। इस क्रम में जनपद के समस्त थानों की मिशन शक्ति टीमों द्वारा विद्यालयों, महाविद्यालयों, कोचिंग संस्थानों, बाजारों एवं ग्राम सभाओं में संवाद कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं एवं बालिकाओं को गुड टच-बैड टच, आत्मरक्षा के उपाय, महिला उत्पीड़न से संबंधित विधिक अधिकारों, तथा विभिन्न हेल्पलाइन सेवाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही साइबर अपराधों के बढ़ते खतरे को दृष्टिगत रखते हुए ऑनलाइन फ्रॉड, फर्जी कॉल/लिंक, सोशल मीडिया के दुरुपयोग, बैंकिंग धोखाधड़ी एवं डळढ साझा न करने के संबंध में विशेष जागरूकता उत्पन्न की गई।

### महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर

112-आपातकालीन सेवा
1090 / 1091-महिला सुरक्षा हेल्पलाइन
181-महिला हेल्पलाइन
1930-साइबर अपराध हेल्पलाइन
1076-मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

# महिलाओं के विरुद्ध अपराधों पर सख्त कार्रवाई, दुष्कर्म का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। पुलिस अधीक्षक अभिषेक वर्मा के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी नगर रणधीर मिश्रा के नेतृत्व तथा प्रभारी निरीक्षक थाना रॉबर्ट्सगंज के कुशल मार्गदर्शन में वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में थाना रॉबर्ट्सगंज पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है। आज दिनांक 30.06.2026 को उ0नि0 मानवेन्द्र सिंह मय पुलिस टीम के साथ मु0अ0सं0 350/2026, धारा 333, 64(1), 351(3) बी.एन.एस. थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र से संबंधित वांछित अभियुक्त की तलाश एवं चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान मुखबिर खास से सूचना प्राप्त हुई कि उक्त मुकदमे का वांछित अभियुक्त रितिक रोशन उर्फ लालू ग्राम मधुपुर स्थित दोमुहवा पुल के पास कहीं बाहर जाने की फिराक में मौजूद है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम द्वारा मौके पर पहुंचकर घेराबंदी कर गिरफ्तार कर लिया गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई पूर्ण करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। पूछताछ में अभियुक्त ने अपना नाम ऋतिक रोशन उर्फ लालू पुत्र राम अवध मौर्य, निवासी ग्राम नागनार हरैया, थाना रॉबर्ट्सगंज, जनपद सोनभद्र, उम्र लगभग 24 वर्ष बताया। अभियुक्त ने बताया कि उसे अपने विरुद्ध दर्ज मुकदमे की जानकारी हो गई थी तथा गिरफ्तारी से बचने के उद्देश्य से वह बाहर जाने की तैयारी में था।

# एनटीपीसी प्रबंधन ने महुआबारी में चस्पा किया नोटिस: 7 दिन में जवाब का निर्देश

### पुनर्वास के मुद्दे पर गरमाई बहस

अमन लेखनी समाचार



सोनभद्र। एनटीपीसी रिहंद द्वारा अधिग्रहित भूमि पर बने कथित अवैध निमार्णों के विरुद्ध कार्रवाई एक बार फिर तेज हो गई है। मंगलवार को सिरसोती गावँ के महुआबारी में कई मकानों पर एनटीपीसी प्रबंधन की ओर से नोटिस चस्पा कर संबंधित लोगों को नोटिस प्राप्त होने की तिथि से सात दिनों के भीतर अपना पक्ष प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया। साथ ही नोटिस में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने की चेतावनी भी दी गई है।नोटिस चस्पा होने के बाद महुआबारी में लोगों के बीच असमंजस और चिंता का माहौल है। मौके पर पहुंचे मीडिया प्रतिनिधियों से बातचीत में एनटीपीसी के लॉ अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि फिलहाल संबंधित लोगों से सात दिनों के भीतर अपना लिखित जवाब मांगा गया है। उन्होंने कहा कि जवाब मिलने के बाद नियमानुसार आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, जब उनसे प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और वैकल्पिक आवास की व्यवस्था के संबंध में सवाल किया गया तो उन्होंने इस विषय पर कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। इससे प्रभावित परिवारों की चिंताएं और बढ़ गई हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे किसी भी प्रकार की कानूनी प्रक्रिया का विरोध नहीं कर रहे हैं, लेकिन बिना उचित पुनर्वास और सुरक्षित आवास उपलब्ध कराए अपने आशियाने छोड़ना उनके लिए संभव नहीं है। उनका कहना है कि दशकों से रह रहे परिवारों के भविष्य को सुरक्षित किए बिना बेदखली की कार्रवाई मानवीय दृष्टि से उचित नहीं होगी। प्रभावित परिवारों ने बताया कि वे पहले भी एनटीपीसी प्रबंधन के सामने अपना पक्ष रख चुके हैं। इसके अलावा जिलाधिकारी एवं उपजिलाधिकारी से भी हस्तक्षेप कर न्यायसंगत समाधान की मांग की गई है, लेकिन अब तक कोई ठोस पहल सामने नहीं आई है। उल्लेखनीय है कि एनटीपीसी रिहंद द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट कहा गया है कि ग्राम महुआबारी स्थित अधिग्रहित भूमि पर किए गए कथित अवैध निमार्णों को एक सप्ताह के भीतर स्वयं हटा लिया जाए। अन्यथा एनटीपीसी प्रबंधन नियमानुसार ध्वस्तीकरण की कार्रवाई करेगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी संबंधित व्यक्ति की होगी। नोटिस चस्पा होने से महुआबारी में विस्थापन और पुनर्वास का मुद्दा चर्चा के केंद्र में आ गया है। अब लोगों की नजरें प्रशासन और एनटीपीसी प्रबंधन के अगले कदम पर टिकी हैं। प्रभावित परिवारों को उम्मीद है कि अंतिम निर्णय से पहले उनकी समस्याओं और पुनर्वास की मांग पर गंभीरता से विचार किया जाएगा।

खास समाचार

# प्रयास निःशुल्क प्याऊ 2026 को दिया गया विराम

### सेवादार शिव बालक मौर्य को शाल ओढ़ाकर किया सम्मानित

### तपती गर्मी में 20 अप्रैल 26 से 30 जून 26 तक निरंतर चला प्याऊ

### प्रयास सामाजिक सेवा समिति ने सहयोग दाताओं का आभार ज्ञापित किया।

अमन लेखनी समाचार




चोपन सोनभद्र।30 जून 2026 मंगलवार की शाम प्याऊ संचालन के बाद प्रयास निःशुल्क प्याऊ 2026 कार्यक्रम को अगले वर्ष तक के लिए विराम दिया गया। इस मौके पर प्रयास सामाजिक सेवा समिति के नवनिर्वाचित अध्यक्ष शशांक भाटिया एवं अन्य पदाधिकारियों/ सदस्यों ने 20 अप्रैल 26 से अबतक निरंतर प्याऊ संचालन में सेवा भाव से सभी को बतासा और पानी देने में अहम भूमिका निभा रहे सेवादार शिव बालक मौर्या को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया। गौरतलब है कि प्रयास सामाजिक सेवा समिति अपने स्थापना वर्ष 2011 से ही प्रति वर्ष गर्मियों में अप्रैल- जून के बीच निःशुल्क प्याऊ का संचालन करती है। प्रयास सामाजिक सेवा समिति ने निःशुल्क प्याऊ संचालन में अपना यथासंभव सहयोग प्रदान करने वाले दानदाताओं का आभार व्यक्त किया है।

# मिशन शक्ति टीम ने सुलझाया पति-पत्नी का विवाद, समझौते के बाद साथ किया विदा



सिद्धार्थनगर , थाना जोगिया उदयपुर की मिशन शक्ति टीम ने मंगलवार को पति-पत्नी के बीच लंबे समय से चल रहे विवाद का समाधान कर परिवार को बिखरने से बचा लिया। थानाध्यक्ष अभय सिंह के निर्देशन में टीम ने शिकायत मिलने पर दोनों पक्षों की काउंसलिंग की और आपसी संवाद के माध्यम से मनमुटाव दूर कराया। प्रभावती पत्नी ध्रुपचंद, निवासी ककरही, थाना जोगिया उदयपुर की शिकायत की जांच के दौरान दोनों पक्षों को समझाया गया। काउंसलिंग के बाद पति-पत्नी ने आपसी सहमति से साथ रहने का निर्णय लिया, जिसके बाद पुलिस ने दोनों को एक साथ विदा किया। कार्रवाई में उपनिरीक्षक आनंद कुमार शाही, हेड कांस्टेबल जितेंद्र सिंह, महिला हेड कांस्टेबल सत्या त्रिपाठी तथा महिला कांस्टेबल रानी विश्वकर्मा की प्रमुख भूमिका रही। मिशन शक्ति टीम की इस पहल की स्थानीय लोगों ने सराहना

# जलजलिया में पुलिस की जनचौपाल, ग्रामीणों से संवाद कर सुरक्षा और जनजागरूकता का दिया संदेश

अमन लेखनी समाचार



बीजपुर (सोनभद्र) स्थानीय थाना क्षेत्र के जलजलिया गांव में मंगलवार को बीजपुर पुलिस द्वारा जनचौपाल का आयोजन किया गया। थानाध्यक्ष राजेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में ग्रामीणों से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनी गईं और उनके शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया गया। जनचौपाल के दौरान थानाध्यक्ष ने शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए ग्रामीणों को उनके लाभ के प्रति जागरूक किया। उन्होंने कहा कि पुलिस जनता की सुरक्षा और सहायता के लिए हमेशा तत्पर है। किसी भी प्रकार की समस्या होने पर ग्रामीण बिना किसी डर या संकोच के तत्काल पुलिस से संपर्क करें।

# आम के पेड़ से गिरकर युवक की हुई दर्दनाक मौत, परिवार में छाया मातम

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद के कोठीभार थाना क्षेत्र के बलहीखोर गांव में मंगलवार सुबह आम तोड़ने के दौरान हुए एक दर्दनाक हादसे में 35 वर्षीय युवक की मौत हो गई। पेड़ से गिरकर गंभीर रूप से घायल हुए युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई, जबकि परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। मृतक की पहचान पप्पू यादव (35 वर्ष) पुत्र संत यादव, निवासी ग्राम बलहीखोर, थाना कोठीभार के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह करीब 9:20 बजे पप्पू यादव आम तोड़ने के लिए पेड़ पर चढ़े थे। इसी दौरान अचानक उनका संतुलन बिगड़ गया और वह ऊंचाई से नीचे आ गिरे। गिरने से उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, लेकिन चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### मौत का समाचार सुनकर गांव में मातम

घटना की सूचना सुबह करीब 10:30 बजे मेमो के माध्यम से कोठीभार पुलिस को मिली। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण कर जांच शुरू की। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रारंभिक जांच में पुलिस को जानकारी मिली है कि मृतक को शराब पीने की लत थी। हालांकि हादसे के वास्तविक कारणों की पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के बाद ही हो सकेगी। थानाध्यक्ष कोठीभार ने बताया कि घटना के संबंध में अभी तक परिजनों की ओर से कोई तहरीर नहीं दी गई है। पुलिस आवश्यक विधिक कार्रवाई कर रही है। फिलहाल गांव में शांति व्यवस्था सामान्य है, लेकिन इस दर्दनाक हादसे से पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल व्याप्त है।

# युवाओं के लिए सुनहरा अवसर जनपद के सभी ब्लॉकों में 14 जुलाई तक लगेगा रोजगार भर्ती शिविर

### 10वीं पास अभ्यर्थियों के लिए सुरक्षा जवान पद पर भर्ती, सुबह 10 से शाम 4 बजे तक होंगे कैंप

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज, 30 जून। जनपद के बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर सामने आया है। भारतीय सुरक्षा दक्षता परीक्षण एवं रकर लिमिटेड के संयुक्त तत्वावधान में जिले के सभी विकास खंडों में 1 जुलाई से 14 जुलाई 2026 तक सुरक्षा जवानों की भर्ती के लिए रोजगार शिविर आयोजित किए जाएंगे। भर्ती प्रक्रिया प्रत्येक विकास खंड कार्यालय परिसर में निर्धारित तिथियों पर संपन्न होगी। भर्ती शिविरों का आयोजन सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक किया जाएगा। इसमें 10वीं पास अभ्यर्थी भाग ले सकेंगे। अभ्यर्थियों की आयु 19 से 40 वर्ष तथा न्यूनतम लंबाई 167.5 सेंटीमीटर निर्धारित की गई है।

# मिशन शक्ति फेज 5.0: महराजगंज पुलिस ने महिलाओं व बालिकाओं को नए कानूनों और साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरूक

अमन लेखनी समाचार



पुलिस अधीक्षक महराजगंज के निर्देशन में नारी सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाए जा रहे 'मिशन शक्ति फेज 5.0' के अंतर्गत आज जनपद में एक विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में थाना कोतवाली की स्थानीय मिशन शक्ति टीम, एंटी रोमियो टीम व साइबर टीम द्वारा थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों पर भ्रमणशील रहकर महिलाओं और बालिकाओं को एकत्रित किया गया तथा उन्हें उनके अधिकारों व सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया।

### नए कानूनों की दी गई जानकारी व कुरीतियों के खिलाफ किया सचेत

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित महिलाओं व बालिकाओं को देश में लागू हुए नए कानूनों के बारे में सरल भाषा में विस्तृत जानकारी दी गई। इसके साथ ही समाज में व्याप्त बाल विवाह, दहेज प्रथा एवं घरेलू हिंसा जैसी सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाने और इनके विरुद्ध एकजुट होने के लिए प्रेरित किया गया।

### हेल्पलाइन नंबरों और सरकारी योजनाओं का हुआ प्रचार-प्रसार

महिला सुरक्षा एवं सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से पुलिस टीम द्वारा विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं जैसे– 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ', 'सखी-वन स्टॉप सेंटर' तथा 'पॉक्सो एक्ट (ढडउरड अू३)' के कानूनी प्रावधानों के बारे में विस्तार से बताया गया। आपातकालीन परिस्थितियों में तत्काल सहायता प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में जागरूक किया गया और उन्हें निडर होकर इनका उपयोग करने की सलाह दी गई:

# सोनभद्र में दो माह बाद एक जुलाई से पुनः चलेगी नियमित कोर्ट

- इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में एक मई से 30 जून तक चल रही थी प्रातःकालीन कोर्ट।
- जिले की भौगोलिक स्थिति के साथ ही अत्यधिक गर्मी पड़ने के मद्देनजर प्रति वर्ष मार्निंग कोर्ट का होता है संचालन।

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश के अनुपालन में सोनभद्र की अदालतों में दो माह मार्निंग कोर्ट चल रही थी, लेकिन अब पुनः नियमित कोर्ट चलेगी। एक जुलाई बुधवार से सुबह 10 बजे से कोर्ट का संचालन शुरू हो जाएगा। जिसकी वजह से न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं, कर्मचारियों एवं वादकारियों के नित्य क्रिया में एकबार फिर से परिवर्तन करना पड़ेगा जिससे शुरूआत में परेशानी होगी। बता दें कि सोनभद्र जिले की भौगोलिक स्थिति अन्य जिलों से भिन्न है। जिसके चलते दो महीने मई और जून माह में भयंकर गर्मी पड़ती है। सोनभद्र बार एसोसिएशन एवं डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन के संयुक्त प्रस्ताव पर इलाहाबाद हाईकोर्ट ने सोनभद्र में दो माह अर्थात एक मई से 30 जून तक के लिए मार्निंग कोर्ट संचालित करने का निर्देश दिया था। जिसकी वजह से प्रातः 6:30 बजे से दोपहर बाद 1:30 बजे तक मार्निंग कोर्ट चल रही थी। यह आदेश जनपद न्यायालय सोनभद्र व अधीनस्थ न्यायालयों, वाह्य न्यायालय अनपरा स्थित ओबरा, दुद्धी व ग्राम न्यायालय घोरावल पर लागू था। लेकिन अब एक जुलाई बुधवार से पुनः पहले की तरह सुबह 10 बजे से नियमित कोर्ट का संचालन होगा। इससे एकबार फिर से न्यायिक अधिकारियों, अधिवक्ताओं कर्मचारियों व वादकारियों को अपने दिनचर्या में बदलाव करना पड़ेगा, जिससे शुरूआत में कुछ दिनों तक परेशानी होगी, बाद में सुचारू रूप से चलने लगेगा।

# 113 कस्टम अधिनियम के अंतर्गत नेपाल तस्करी हेतु रखी गई लाल मिर्च की खेप बरामद

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद के पुलिस अधीक्षक शक्तिमोहन अवस्थी (कढर) द्वारा भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर अवैध तस्करी एवं मादक पदार्थों की रोकथाम हेतु चलाए जा रहे विशेष अभियान के क्रम में, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ के निर्देशन, क्षेत्राधिकारी नौतनवा बसंत सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक थाना सोनौली के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा प्रभावी चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान दिनांक 30.06.2026 को समय लगभग 15:40 बजे मुखबिर की सूचना पर ग्राम शेष फरेन्दा पंचायत भवन जाने वाले मार्ग पर नो-मैन्स लैंड के समीप 03 साइकिलों पर लावारिस अवस्था में रखी गई 03 बोरी लाल मिर्च एवं 06 बोरी खुली लाल मिर्च बरामद की गई। प्रथम दृष्टया उक्त माल नेपाल राष्ट्र में अवैध रूप से तस्करी किए जाने हेतु रखा गया था।

# जन चौपाल में पढ़ी जा रही आवास प्लस सर्वेक्षण- 2024 की पात्रता सूची, ग्रामीणों को आपत्ति दर्ज कराने का अवसर

### पारदर्शिता, जनसहभागिता और पात्र लाभार्थियों के चयन को सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल।

अमन लेखनी समाचार




सोनभद्र। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत आवास प्लस सर्वेक्षण-2024 की पात्रता सूची जनपद सोनभद्र की ग्राम पंचायतों में जन चौपाल के माध्यम से सार्वजनिक रूप से पढ़कर सुनाई जा रही है। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देश के क्रम में संचालित इस प्रक्रिया का उद्देश्य योजना के अंतर्गत पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों का निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन सुनिश्चित करना है। जन चौपाल के दौरान ग्रामवासियों के समक्ष पात्रता सूची प्रस्तुत की जा रही है, जिससे प्रत्येक नागरिक सूची का अवलोकन कर सके तथा सूची में शामिल किसी भी नाम के संबंध में तथ्यात्मक आपत्ति होने पर उसे दर्ज करा सके। प्राप्त आपत्तियों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि जन चौपाल की कार्यवाही पूर्ण पारदर्शिता एवं निष्पक्षता के साथ संपन्न कराई जाए तथा ग्रामीणों को अपनी बात रखने का पर्याप्त अवसर उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप योजना का लाभ केवल वास्तविक एवं पात्र लाभार्थियों तक पहुंचाना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने जनपदवासियों से अपील की है कि वे जन चौपाल में सक्रिय सहभागिता करें तथा यदि सूची में किसी प्रकार की त्रुटि अथवा आपत्ति हो तो उसे समयबद्ध रूप से दर्ज कराएं, ताकि पात्र परिवारों को योजना का लाभ सुनिश्चित किया जा सके। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के अंतर्गत यह पहल पारदर्शी प्रशासन, जनभागीदारी एवं सामाजिक उत्तरदायित्व को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# गाँव से लेकर चट्टी चौराहों तक फैला अवैध शराब का साम्राज्य

### गुमटियों से लेकर चखना दुकानों तक खुलेआम बिक रही अंग्रेजी शराब विभाग कार्यशैली पर उठे सवाल

अमन लेखनी समाचार

बीजपुर(सोनभद्र)थाना क्षेत्र के ग्रामीण अंचलों में कथित रूप से अवैध शराब बिक्री का नेटवर्क तेजी से पैर पसार रहा है।हालात ऐसे बताए जा रहे हैं कि गाँव में राशन गुमटियाँ, चाय पान की दुकानें और चखना केंद्र कथित तौर पर मिनी शराब ठेकों में तब्दील होते नजर आ रहे हैं।स्थानीय लोगों का आरोप है कि अंग्रेजी शराब,देशी शराब और बीयर खुलेआम बेची जा रही है लेकिन जिम्मेदार विभागों की ओर से प्रभावी कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही क्षेत्र के नेमना,चेतवाँ, पिंडारी, महरीकला, महुली,रजमिलान,पौथी पाथर,सहित दर्जनों गाँवों के चट्टी-चौराहों पर स्थित छोटी बड़ी दुकानों में निर्धारित मूल्य से अधिक कीमत पर शराब और बीयर उपलब्ध कराई जा रही है।बताया जाता है कि दिन हो या रात मांग के अनुसार शराब आसानी से मिल जाती है।इससे ग्रामीणों में कानून-व्यवस्था को लेकर चिंता बढ़ती जा रही है।स्थानीय सूत्रों का दावा है कि ठेका संचालक अपने कोटे की बिक्री बढ़ाने के लिए गाँवों तक शराब की आपूर्ति करा रहे हैं।ग्रामीणों के बीच यह भी चर्चा है कि कुछ स्थानों पर स्थानीय ठेकों की शराब के साथ पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश से लाई गई संदिग्ध अथवा की कथित नकली शराब भी खपाई जा रही है।यदि इन आरोपों की पुष्टि होती है तो यह आम जनता के स्वास्थ्य और जीवन के लिए गंभीर खतरा साबित हो सकता है।सबसे अधिक चिंता की बात यह है कि शराब की आसान उपलब्धता के कारण ग्रामीण क्षेत्रों के युवा वर्ग तेजी से नशे की गिरफ्त में आ रहा है। नशे की बढ़ती प्रवृत्ति से पारिवारिक विवाद,घरेलू हिंसा, आर्थिक संकट और चोरी जैसी घटनाओं में वृद्धि की आशंका भी बढ़ रही है।

# इंडियन कोचिंग सेंटर के मेधावियों का हुआ भव्य सम्मान

### सम्मान एवं विदाई समारोह में गूंजा सफलता का मंत्र, शिक्षकों और अभिभावकों के योगदान को बताया सफलता की कुंजी

अमन लेखनी समाचार

महराजगंज जनपद के भिटौली स्थित इंडियन कोचिंग सेंटर में नवोदय विद्यालय, सैनिक स्कूल एवं विद्याज्ञान जैसी प्रतिष्ठित शिक्षण संस्थाओं में चयनित छात्र-छात्राओं के सम्मान एवं विदाई समारोह का भव्य आयोजन उत्साह और गरिमामय वातावरण में किया गया। समारोह में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई तथा उन्हें जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरुण चौधरी ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि किसी भी विद्यार्थी की सफलता के पीछे उसके अभिभावकों और शिक्षकों की मेहनत, मार्गदर्शन और प्रेरणा का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि यदि छात्र-छात्राओं में सीखने की ललक, अनुशासन और कठिन परिश्रम की भावना हो, तो सफलता स्वयं उनके कदम चूमती है और वे देश व समाज का नाम रोशन करते हैं। कार्यक्रम में संस्था के निदेशक सुरेंद्र कुमार प्रजापति एवं अजय प्रजापति ने मुख्य अतिथि का अंगवस्त्र एवं माल्यार्पण कर स्वागत एवं सम्मान किया। विशिष्ट वक्ता डॉ. भरत कुमार ने विद्यार्थियों को अनुशासन, निरंतर अभ्यास और समर्पण के साथ अध्ययन करने का संदेश देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। वहीं कृष्ण मुरारी ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है। आज गांवों के छात्र-छात्राएं शिक्षा, खेल और अन्य क्षेत्रों में उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल कर पूरे क्षेत्र का गौरव बढ़ा रहे हैं। संस्था के सह-निदेशक अजय प्रजापति ने कहा कि स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर ईमानदारी और कठिन परिश्रम के साथ आगे बढ़ने वाले विद्यार्थियों को सफलता अवश्य मिलती है। उन्होंने चयनित विद्यार्थियों से अन्य छात्रों के लिए प्रेरणास्रोत बनने का आह्वान किया। कार्यक्रम के अंत में संस्था के निदेशक सुरेंद्र कुमार प्रजापति ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित छात्र-छात्राओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संस्थान भविष्य में भी ग्रामीण प्रतिभाओं को बेहतर शिक्षा और उचित मार्गदर्शन प्रदान करने के लिए निरंतर प्रयासरत रहेगा। इस अवसर पर साक्षी विश्वकर्मा, श्याम प्रजापति, अभिजीत, अविका, अंश, रेहान, सावन चौधरी, मोनू, दिवाकर, शिवम चौधरी, साहिल, आदर्श एवं अंशिका जायसवाल सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं, अभिभावक और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में चयनित विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट-बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ-226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह
समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह
समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।
मो. - 9838159555, 9935457982
E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## इक्का का ट्रेलर रिलीज, सनी की दहाड़ से गूंजा कोर्ट रूम, अक्षय ने उड़ाए होश

**मुंबई।** फाइनली सनी देओल और अक्षय खन्ना की मच अवेटेड फिल्म 'इक्का' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। फिल्म में जबरदस्त सस्पेंस और ट्विस्ट होंगे, जिनकी झलक ट्रेलर में देखने को मिली है। अक्षय खन्ना का लुक और अंदाज एकदम 'धुरंधर' के रहमान डकैत की याद दिला रहा है, पर उनके किरदार में कई लेयर्स हैं। 'इक्का' से सनी देओल ओटीटी पर डेब्यू कर रहे हैं और इसमें वकील अर्जुन मेहरा का किरदार निभा रहे हैं। फिल्म 'इक्का' के ट्रेलर की शुरुआत कोर्ट रूम सीन से होती है, जहां सनी देओल पूछते हैं- आप कोर्ट को बताएंगे कि उस रात क्या हुआ था? फिर अक्षय खन्ना की एंट्री होती है, जो मशहूर इंडस्ट्रियलिस्ट हर्षवर्धन गौर के बेटे शौर्यमान के किरदार में हैं। उन पर एक लड़की की हत्या की कोशिश का आरोप लगता है।

लाइफ Style



# निहारिका

## प्रियंका समेत कई सेलेब्स संग आई नजर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अभिनेता राघव जुयाल ने निहारिका एनएम के साथ कुछ रोमांटिक तस्वीरें साझा कीं, इसके बाद से ही इनके लिंकअप की अफवाहें उड़ने लगीं। लेकिन, अब इन अफवाहों पर विराम भी लग चुका है। दोनों के बीच कोई अफेयर नहीं है।

यह एक फिल्म 'भाई तेरा स्टार है'में साथ नजर आएंगे। इसके लिए ही रोमांटिक तस्वीरों को साझा किया था। लेकिन, इस चर्चा के बीच फैंस जानना चाहते हैं कि निहारिका एनएम कौन हैं? निहारिका एनएम एक कंटेंट क्रिएटर हैं। इंस्टाग्राम पर उनके लगभग 3 मिलियन से अधिक फॉलोअर्स हैं। वहीं, बाकी प्लेटफॉर्म भी इतने ही लोग उन्हें फॉलो करते हैं। वह सोशल मीडिया पर फिल्मी और फनी किस्म के वीडियो बनाती हैं। अपनी जबरदस्त सोशल मीडिया फॉलोइंग की वजह से वह बॉलीवुड स्टार्स के साथ भी नजर आ चुकी हैं। आमिर खान, प्रियंका चोपड़ा, रणबीर कपूर, महेश बाबू, यश, शुभमन गिल जैसे कई सेलेब्स उनके साथ वीडियो में नजर आ चुके हैं, अपनी फिल्मों का प्रचार कर चुके हैं। साथ ही वह हॉलीवुड स्टार्स के इंटरव्यू भी कर चुकी हैं। इसमें टॉम क्रूज से लेकर जॉन लीजेंड जैसे एक्टर्स भी शामिल हैं। जल्द ही निहारिका एनएम राघव जुयाल के साथ फिल्म 'भाई तेरा स्टार है' में नजर आएंगी। लेकिन इससे पहले ही वह साउथ सिनेमा में डेब्यू कर चुकी हैं। पिछले साल एक फिल्म 'मित्र मंडली' में वह नजर आईं। इसमें उनका लीड रोल था।निहारिका ने अपने नाम कई अवॉड्र्स भी किए, जो उन्हें कंटेंट क्रिएशन के लिए मिले हैं।

हॉलीवुड मसाला



## एवरेस्ट विजेता नोर्गे पर बनेगी फिल्म

**लॉस एंजिल्स।** माउंट एवरेस्ट पर पहली बार फतह हासिल करने वाले महान पर्वतारोही तेनजिंग नोर्गे की जिंदगी पर एक फिल्म बनने जा रही है, जिसका नाम 'तेनजिंग' होगा। इस बायोपिक ड्रामा फिल्म में टॉम हिडलस्टन और गेंडन फुंट्सोक मुख्य भूमिका निभाएंगे। इस फिल्म को को एप्पल टीवी द्वारा तैयार किया जा रहा है। इस फिल्म का निर्देशन ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता जेनिफर पीडम करेंगे। फिल्म का लेखक ल्यूक डेविस करेंगे। यह फिल्म 29 मई 1953 की उस ऐतिहासिक घटना पर आधारित है, जब शेरपा तेनजिंग नोर्गे और न्यूजीलैंड के एडमंड हिलेरी ने पहली बार माउंट एवरेस्ट की चोटी पर कदम रखा था।



## यौन उत्पीड़न के आरोपों से बरी हुए ओ योंग-सु

**लॉस एंजिल्स।** वेब सीरीज 'स्क्विड गेम' में ओल्ड मैन और प्लेयर नंबर 001 का किरदार निभाने वाले अभिनेता ओ योंग-सु पर साल 2022 में यौन उत्पीड़न के आरोप लगे थे। इस मामले पर दक्षिण कोरिया की सुप्रीम कोर्ट ने हाल ही में अपना फैसल सुनाया है। कोर्ट ने अभिनेता पर चल रहे मुकद्मे का तीन साल बाद अंत कर दिया गया। कोर्ट ने निचली अदालत में ओ योंग-सु को बरी करने के फैसले को सही ठहराया है। 82 वर्षीय एक्टर पर 2017 में एक महिला द्वारा यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए थे। महिला की शिकायत के अनुसार एक्टर ओ योंग-सु ने एक रीजनल थिएटर टूर के दौरान बिना उनकी इजाजत लिए उन्हें गले लगाया। महिला का कहना था कि एक्टर यहीं नहीं रुके और उन्होंने महिला के गाल पर किस भी किया था।



## फिल्म रिफ्यूजी की मनाई 26वीं सालगिरह

**मुंबई।** करीना कपूर ने मंगलवार को अपनी पहली फिल्म 'रिफ्यूजी' के 26 साल पूरे होना का जश्न मनाया। इस खुशी में करीना ने सोशल मीडिया पर अपने सह-कलाकार अभिषेक बच्चन के साथ कई तस्वीरें भी साझा की हैं। पुरानी यादों को ताजा करते हुए करीना ने फिल्म 'रिफ्यूजी' से जुड़ी तीन तस्वीरें इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपने हीरो अभिषेक बच्चन के साथ गले मिलती नजर आ रही हैं। दूसरी तस्वीर में उनका एक क्लोज-अप शॉट है, जिसमें उन्होंने भूरे रंग की शॉल ओढ़ी हुई है। इसके अलावा तीसरी तस्वीर में करीना एक काले रंग के बुर्के में नजर आ रही हैं। करीना ने इन तस्वीरों के साथ कोई लंबा मैसेज नहीं लिखा, बल्कि सिर्फ एक लाल दिल वाला इमोजी बनाकर अपना प्यार जताया है। फिल्म 'रिफ्यूजी' 30 जून 2000 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी।



## एलवीसी63 में कई तरह के लुक्स में दिखेंगे

**मुंबई।** फिल्म 'एसवीसी63' में मशहूर मेकअप और प्रोस्थेटिक डिजाइनर प्रीतिशील सिंह को सलमान खान के लिए एक खास लुक तैयार करने के लिए चुना गया है। यह फिल्म वामसी पैदिपल्ली के निर्देशन और दिल राजू के प्रोडक्शन में बन रही है। दिल राजू ने बताया कि सलमान फिल्म की शूटिंग का भरपूर आनंद ले रहे हैं। उन्होंने यह भी बताया कि फिल्म में सुपरस्टार कई तरह के लुक्स में नजर आएंगे। उन्होंने कहा, 'सलमान सेट पर खूब मजा कर रहे हैं, उनके कई अलग-अलग लुक्स होंगे। फिल्म में भरपूर हीरोइज्म और 'वाउ फैक्टर' होगा।' 'धुरंधर' फिल्म के एक्शन स्टार इस फिल्म में भी काम कर रहे हैं। कोरियन एक्शन टीम को 'मिस्टर ओह' के नाम से मशहूर सी यंग ओह लीड कर रहे हैं। उन्होंने 'धुरंधर' और 'किल एंड वॉर' जैसी फिल्मों पर काम किया है।

टीवी मसाला



## अब होगा हिसाब सीजन 2 का धमाकेदार ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** 'अब होगा हिसाब' सीरीज की जबरदस्त सफलता के बाद मेकर्स ने अब इसका दूसरा सीजन अनाउंस कर दिया है। साथ ही दूसरे सीजन का ट्रेलर भी रिलीज कर दिया है। 18 जून को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एमएक्स प्लेयर पर रिलीज हुई 'अब होगा हिसाब' ने दर्शकों के बीच अपनी दमदार कहानी और बेहतरीन परफॉर्मेंस के कारण खास जगह बनाई। दर्शकों के जबरदस्त प्यार को देखते हुए अब इस सीरीज के दूसरा सीजन का ऐलान कर दिया गया है। 'अब होगा हिसाब' का दूसरा सीजन 3 जुलाई को प्रीमियर किया जाएगा। संजय कपूर और शहीर शेख के अलावा 'अब होगा हिसाब सीजन 2' में मौनी रॉय, अविनाश मिश्रा, निमृत कौर अहलूवालिया, हरमन सिंघा और आशीमा वर्धान जैसे शानदार कलाकार हैं। 'अब होगा हिसाब 2' की कहानी की गहराई, बढ़ता हुआ रोमांच और कई ऐसे चौंकाने वाले मोड़ देखने को मिलेंगे, जो दर्शकों को अपनी सीट से बांधे रखेंगे। 'अब होगा हिसाब' के दूसरे सीजन का ट्रेलर वहीं से शुरू होता है, जहां पहला सीजन खत्म हुआ था। शहीर शेख द्वारा निभाया गया बॉबी का किरदार अब सिर्फ एक ही मकसद में लगा हुआ है, अपने भाई बंटी को ढूंढना और सच्चाई सामने लाना। इसके लिए वह किसी भी हद तक जाने को तैयार है। उसकी तलाश उसे संजय कपूर द्वारा निभाए गए गोल्डी के किककी दुनिया तक ले जाती है, जो सबसे प्रभावशाली और सतर्क लोगों में से एक है। लेकिन गोल्डी तक पहुंचना इतना आसान नहीं है।

## माइकल की बायोपिक ओटीटी पर रिलीज

**मुंबई।** थिएटर में जबरदस्त कामयबी के बाद, माइकल जैक्सन की बायोपिक 'माइकल' अब ओटीटी पर आ गई है। यह इस साल की सबसे



बड़ी ग्लेबल हिट फिल्मों में से एक रही। अगर आपने यह फिल्म नहीं देखी है, तो आसानी से घर बैठकर देख सकते हैं। इस बायोपिक से आपको माइकल जैक्सन की जिंदगी को और करीब से जानने का मौका मिलेगा। 'माइकल' को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। यह इस ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम होना शुरू हो गई है। इंग्लिश के अलावा हिंदी में भी देख सकते हैं। इस फिल्म में माइकल जैक्सन का किरदार उनके भतीजे जाफर ने निभाया है। लुक्स और हाव-भाव में वह बिल्कुल चाचा माइकल जैक्सन जैसे लगते हैं। 'माइकल' की कमाई की बात करें , तो यह दुनियाभर में अब तक की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली बायोपिक बन गई है। इसने दुनिया भर में $977 मिलियन की कमाई यानी ₹9,050.23 करोड़ कमाए हैं।

## उन्हें इसमें दिलचस्पी थी कि गाएगी- नाचेगी

### बारिश में भीगेगी, अपनी बोल्ड इमेज पर जीनत ने तोड़ी चुप्पी

**नई दिल्ली।** जीनत अमान ने अपनी बोल्ड इमेज पर चुप्पी तोड़ते हुए कहा कि फिल्ममेकर्स उनके क्रिएटिव इनपुट के बजाय उनके लुक्स में ज्यादा दिलचस्पी रखते थे। जीनत ने अपने यूट्यूब चैनल पर शुभ्रा अयप्पा के साथ एक इंटरव्यू में कहा, 'मुझे हमेशा लगा कि मेरे बारे में जो दिखाया जाता था और मैं असल में जैसी थी, उन दोनों में बहुत फर्क था। बोल्ड अभिनेत्री का ठप्पा मुझ पर बहुत लंबे समय तक लगा रहा। जब लोग मुझसे मिलते थे, तो उन्हें एहसास होता था कि मैं असल में उन किरदारों जैसी बिल्कुल नहीं थी जिन्हें मैंने निभाया था।

*ग्लोबल ट्रेंड्स ने स्टाइल पर असर डाला :* जीनत ने अपने फैशन सेंस और इस बारे में भी बात की कि कैसे अमेरिका से भारत लौटने के बाद ग्लोबल ट्रेंड्स ने उनके स्टाइल पर असर डाला। उन्होंने कहा कि कॉस्ट्यूम डिजाइन का काम अक्सर भानु अथैया जैसे मशहूर डिजाइनरों के साथ मिलकर किया जाता था। हालांकि, उन्होंने बताया कि अक्सर उनके अपने सुझाव फिल्ममेकर्स की चाहत के मुकाबले ज्यादा संयमित होते थे। जीनत अमान ने इंडस्ट्री में असमान वेतन के मुद्दे पर भी बात की और कहा कि इस अंतर की वजह पितृसत्तात्मक व्यवस्था में छिपी है।




### लीड एक्ट्रेस थी, पर मेरी नहीं चलती थी

जीनत अमान ने दौर में इंडस्ट्री में काम करने के बारे में बात करते हुए बताया कि सेट पर ज्यादातर पुरुषों का ही बोलबला होता था। अपने हेयरड्रेसर के अलावा, अक्सर वही एकमात्र महिला होती थीं। लीड एक्ट्रेस होने के बावजूद उन्होंने कहा कि अपने किरदारों को गढ़ने या उन्हें दिखाने के तरीके में उनकी बहुत कम चलती थी, क्योंकि ध्यान ज्यादातर उनके लुक पर ही रहता था। जीनत अमान के मुताबिक, किसी को भी मेरे दिमागी काम में कोई दिलचस्पी नहीं थी। उन्हें तो बस इसमें दिलचस्पी थी कि ये गाएगी,, नाचेगी, दो डायलॉग बोलेगी, बारिश में भीगेगी।

## खुशी से झूमीं कंगना पूरी की क्वीन-2 की शूटिंग

**मुंबई।** कंगना रनौत अपनी हाल ही में रिलीज हुई फिल्म 'भरत भाग्य विधाता' को लेकर चर्चा में हैं। यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बहुत अच्छा नहीं कर सकी। इस बीच उनकी अपकमिंग फिल्म 'क्वीन 2' को लेकर नई अपडेट आई है। खबर है कि कंगना ने अपनी मशहूर फिल्म 'क्वीन' के बहुप्रतीक्षित सीक्वल 'क्वीन 2' की शूटिंग पूरी कर ली है। एक्टर-फिल्ममेकर ने अपनी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर यह जानकारी दी। उन्होंने कास्ट और क्रू के साथ शूटिंग खत्म होने का जश्न मनाते हुए एक फोटो शेयर की। फोटो में रनौत को फिल्म की टीम के साथ देखा गया। शूटिंग पूरी होने के साथ ही, यह प्रोजेक्ट अब पोस्ट-प्रोडक्शन स्टेज में है। 'क्वीन 2' में कंगना रनौत के मशहूर किरदार 'रानी' की वापसी हो रही है। दर्शकों ने फिल्म 'क्वीन' को काफी प्यार दिया था। 2014 में रिलीज हुई ओरिजिनल 'क्वीन' का निर्देशन विकास बहल ने किया था और इसे समीक्षकों से खूब तारीफ मिली थी। फिल्म में कंगना रनौत ने रानी मेहरा का किरदार निभाया था। रानी दिल्ली की एक ऐसी लड़की थी, जिसे हमेशा घर की चारदीवारी में रखा गया था। जब उसका मंगेतर (राजकुमार राव) शादी तोड़ देता है, तो वह अकेले ही हनीमून पर निकल पड़ती है। यूरोप की अपनी यात्रा के दौरान, रानी का आत्मविश्वास बढ़ता है, वह आजादी को अपनाती है।



## किशोर कुमार ने लगाई थी गजब ट्रिक, आज भी है हिट

# 54 साल पुराना गीत, जिसे खाली चाय के कप के साथ किया रिकॉर्ड

*नई दिल्ली। किशोर कुमार भारतीय म्यूजिक इंडस्ट्री के एक ऐसे कोहिनूर रहे, जिसकी चमक कभी फीकी नहीं पड़ेगी। वह सुरों के ऐसे बादशाह रहे, जिन्होंने तरानों में योडलिंग को एक रूप में पेश किया और महारात हासिल की। उन्होंने हजारों सुपरहिट गाने दिए और अपनी जादुई आवाज से कई एक्टर्स को सुपरस्टार बनाया। किशोर कुमार का गाना गाने और रिकॉर्ड करने का स्टाइल भी एकदम अलहदा था। उनका मानना था कि गाने सिर्फ गाए नहीं जाते, बल्कि उन्हें जीया जाता है। तभी तो कभी वह किसी गाने को खाली चाय के कप के साथ गाते, तो किसी गाने को नाक के पास माचिस की डिब्बी रखकर। लेकिन यहां 'संडे सिनेमा' में आपको एक ऐसे गाने के बारे में बता रहे हैं, जिसे किशोर कुमार ने ठोड़ी पर दोनों हाथ रखे और सामने चाय का खाली कप रखकर गाया था। गाना इतना ब्लॉकबस्टर बना कि 54 साल बाद भी यह कानों में मिश्री घोल देता है और खूब हिट है। बात साल 1972 की है। तब बासु चटर्जी 'पिया का घर' नाम से एक फिल्म बना रहे थे। इस फिल्म का म्यूजिक लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने दिया था और आनंद बख्शी ने गानों के लिरिक्स लिखे थे। वैसे तो किशोर कुमार को इस फिल्म में दो गाने गाने थे। ये गाने थे- ये जीवन है, इस जीवन का, और दूसरा था-बंबई शहर की चल तुझको सैर करा दूं।*

### 'ये जीवन है, इस जीवन का' गाने की रिकॉर्डिंग

अब किशोर कुमार ने 'बंबई शहर की...' गाना तो आसानी से गाकर रिकॉर्ड कर दिया, पर जब 'ये जीवन है' गाने की बात आई, तो मामला पेचीदा हो गया। वो इसलिए क्योंकि किशोर कुमार ने यह गाना जितनी बार भी और जिस भी तरह से गाया, वह लक्ष्मीकांत को पसंद नहीं आया। उन्हें इस गाने के लिए जो फील चाहिए था, वो आ ही नहीं रहा था।

### बार-बार करते रहे रिहर्सल पर नहीं बनी बात

ऐसे में लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल ने किशोर दा के साथ एक बार फिर बैठकर गाने की सिचुएशन को ठीक से समझने की कोशिश की। किशोर कुमार ने फिर तीन से चार बार गाने की रिहर्सल की, पर वो बात नहीं आई। किशोर दा कोशिश करते रहे, पर नाकामी मिलती रही। फिर थक-हारकर किशोर कुमार बैठ गए और एक कप चाय मंगवाई।



### गानों में लाए थे योडलिंग, क्या है ये?

योडलिंग एक तरह का सिंगिंग स्टाइल होता है, जिसमें सिंगर अपनी नॉर्मल आवाज यानी चेस्ट वॉइस और बहुत पतली या ऊंची आवाज के बीच बार-बार और तेजी से बदलाव करते हुए गाता है। किशोर कुमार ने धीरे-धीरे अपने कई गानों में योडलिंग करनी शुरू कर दी। ये गाने हैं, 'ये दिल ना होता बेचारा', 'जिंदगी एक सफर है सुहाना' और 'चला जाता हूं।'

### दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिका पीने लगे चाय, तभी हुआ जादू

किशोर दा के साथ लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल भी चाय पीने बैठ गए और तभी जादू हो गया। किशोर कुमार ने अपने दाएं गाल पर दाहिना हाथ टिकाया और चाय पीते हुए धीरे-धीरे 'ये जीवन है' गाना गुनगुनाने लगे। वो अपनी धुन में मस्त होकर गुनगुना रहे थे, पर तभी लक्ष्मीकांत खुशी से चिल्लाए कि बस बिल्कुल ऐसे ही, ऐसे ही गाना है। यही अंदाज चाहिए था। किशोर दा हैरानी से देखने लगे, पर उन्होंने गाना एक पल के लिए भी बंद नहीं किया। इसके बाद किशोर कुमार ने चाय की टेबल पर ही बैठे हुए, एक हाथ गाल पर रखे-रखे गाना पूरा किया और उसी चाय के कप के साथ सीधे रिकॉर्डिंग रूम में चले गए। हालांकि, तब तक चाय खत्म हो चुकी थी, लेकिन उन्होंने फ्लो बनाए रखने के लिए खाली कप हाथ में पकड़े रखा। वह रिकॉर्डिंग रूम के अंदर गए। लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल के मेत पूरी म्यूजिक और रिकॉर्डिंग टीम फाइनल रिकॉर्डिंग के लिए तैयार हो गई। फिर किशोर कुमार ने कमाल कर दिया। जैसा सोचा था वैसा गाया और गाना जबरदस्त रिकॉर्ड हुआ।